राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 334
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 27 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 डॉ. संजय कुमार निषाद ने नोएडा में मंडलीय एवं जिला स्तरीय

पेज 4 भसूड़ा में गन्ना अधिकारी ने किया आधार पौधशाला का सत्यापन

पेज 6 'हिटमैन' के संन्यास को लेकर बचपन के कोच ने किया बड़ा

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब की महिला पहलवान ने ड्रग के लिए बच्चा बेचा

**मानसा।** पंजाब के मानसा में स्टेट लेवल की एक महिला पहलवान ने नशे के लिए अपना 5 माह का बच्चा बेच दिया। उसने बच्चा उन्हीं लोगों को बेचा, जिनसे वह और उसका पति नशा खरीदते थे। आरोपी दंपती गुरमन कौर व संदीप सिंह पहले हरियाणा के फतेहाबाद जिले के रतिया में रहते थे। इन्होंने रतिया में 5 लाख में सौदा किया। यहां सफल नहीं हुए। इसके बाद दोनों पंजाब के मानसा जिले के अकबरपुर कुदाल गांव में रहने लगे। यहां एक महीने पहले अपने बेटे को 1.80 लाख रुपए में बुढलाडा के संजू व उसकी पत्नी आरती को बेच दिया। महिला पहलवान की बहन का कहना है कि संदीप ने ही उसकी बहन गुरमन को नशे के दलदल में फंसाया।

### इंटरनेशनल मार्शल आर्ट प्लेयर ने किया सुसाइड

**देवास।** एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली देवास की जुजुत्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम (35) ने सुसाइड कर लिया। रविवार को अर्जुन नगर राधागंज स्थित उनके आवास पर छोटी बहन रोशनी कलम ने कमरे में शव फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उनकी मां अपनी एक अन्य बेटी के साथ देव दर्शन के लिए बाहर गई हुई थीं, जबकि पिता भी किसी काम से घर से बाहर थे। रोहिणी वर्तमान में आष्टा के एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के पद पर कार्यरत थीं।

# दिल्ली में छात्रा पर एसिड अटैक, दोनों हाथ झुलसे

### डीयू के लक्ष्मीबाई कॉलेज की स्टूडेंट, 3 युवकों ने किया हमला; तलाश जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के अशोक विहार में रविवार सुबह 20 साल युवती पर एसिड अटैक हुआ। आरोपियों ने युवती के चेहरे पर अटैक करना चाहा था, लेकिन उसने बचने के लिए अपने बैग का सहारा लिया, इस दौरान उसके दोनों हाथ झुलस गए। घटना को अंजाम देकर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

गंभीर झुलसी पीड़ित को लोगों ने देशबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है।

पीड़ित मुकुंदपुर की रहने वाली है और दिल्ली यूनिवर्सिटी के लक्ष्मीबाई कॉलेज की सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। अटैक करने वालो में जितेंद्र नाम का शख्स भी शामिल है। वो काफी समय से उसका पीछा कर रहा है। उससे एक महीने पहले बहस भी हुई थी। जितेंद्र भी मुकुंदपुर का रहने वाला है। हमले के दौरान जितेंद्र अपने दो साथी इशान और अरमान के साथ आया था। इशान ने अरमान को एक बोतल दी और उसने तेजाब फेंका। मैंने उसने अपना चेहरा बचाने की कोशिश की, लेकिन मेरे दोनों हाथ झुलस गए। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

## जेडीयू बाहुबली अनंत सिंह का मंच टूटा, नीचे गिरे

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा- नीतीश चाचा पलटी मारकर भाजपा में चले गए। तेजस्वी बोले- बीजेपी को अगर बिहार में किसी ने जगह दी तो वह नीतीश कुमार हैं। हम लोगों ने कभी भी घुटने नहीं टेके। सत्ता में आने पर हमारी सरकार मुस्लिमों की मर्जी के खिलाफ लाए गए वक्फ बिल को कूड़ेदान में फेंक देगी। इससे पहले पटना में भी तेजस्वी ने पंचायत प्रतिनिधियों, PDS डीलर, नाई, कुम्हार, लोहार समाज के लोगों के लिए भी कई घोषणाएं की। तेजस्वी ने वादा किया कि पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जाएगा। इधर, शनिवार को रामपुर-डूमरा गांव में सभा को संबोधित करने पहुंचे अनंत सिंह का मंच टूट गया।

# एसआईआर की तारीखों का ऐलान

### चुनाव आयोग आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा, पहले चरण में 10 से 15 राज्य में होगा रिवीजन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सोमवार को देशभर में विशेष इंटेंसिव रिवीजन करने का ऐलान करेगा। आयोग इसकी जानकारी शाम 4.15 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में देगा।

पहले चरण में 10 से 15 राज्यों में एसआईआर होगी। यह वे राज्य होंगे, जहां अगले एक साल में विधानसभा चुनाव होना हैं। असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होना है।

चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया था कि उन राज्यों में स्क्रअभी नहीं होगा, जहां स्थानीय निकायों के चुनाव होना हैं। इसका कारण है कि निचले स्तर पर कर्मचारी उन चुनाव में व्यस्त होंगे। वे एसआईआर के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। चुनाव के बाद इन राज्यों में एसआईआर होगा।

आयोग ने एसआईआर लागू करने की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ हाल ही में दो बैठकें की हैं।

कई सीईओ ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद जारी की गई वोटर लिस्ट संबंधित राज्यों की वेबसाइट्स पर डाल दी है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट है। वहां 2008 में एसआईआर हुई थी। उत्तराखंड में अंतिम बार एसआईआर 2006 में हुई थी वहां तब की वोटर लिस्ट अब राज्य सीईओ की वेबसाइट पर है। बिहार में भी हाल में वोटर वैरिफिकेशन हुआ है। फाइनल डेटा एक अक्टूबर को जारी किया गया।

### अंतिम एसआईआर कट-ऑफ डेट के रूप में काम करेगी

राज्यों में अंतिम एसआईआर कट-ऑफ डेट के रूप में काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट का उपयोग चुनाव आयोग ने एसआईआर के लिए किया था। अधिकांश राज्यों में वोटर लिस्ट का अंतिम बार एसआईआर 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अधिकांश राज्यों ने अपने-अपने राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में हुए अंतिम एसआईआर के अनुसार वर्तमान वोटर्स का मिलान लगभग पूरा कर लिया है। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकालना है। यह कदम बांग्लादेश और म्यांमार सहित विभिन्न राज्यों में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

# साइबर ठग चीनी एप से रख रहे पुलिस पर नजर

### हर एक्शन का मिल जाता है अलर्ट, 9 महीने में 300 करोड़ से ज्यादा ठगे



**जयपुर।** साइबर ठग चीन में बने एक एप से पुलिस को चकमा दे रहे हैं। इस एप के जरिए ठगों को पहले ही अलर्ट मिल जाता है कि पुलिस कौन सा खाता फ्रीज करवाने वाली है। यही कारण है कि राजस्थानियों से 9 महीने में 3 अरब 38 करोड़ रुपए की ठगी हो चुकी है। अभी तक पुलिस महज 2 करोड़ 22 लाख रुपए की राशि ही रिकवर कर पाई है।

यह चौंकाने वाला खुलासा भिवाड़ी पुलिस के हत्थे चढ़े 122 करोड़ की साइबर ठगी के मास्टरमाइंड अंकित शर्मा ने किया है। अंकित बैंक खाते किराए पर लेकर चीन में बैठे ठगों को उपलब्ध करवाता था। उसने पूछताछ में बताया कि ठगी का पैसा जिन खातों में डाला जाता था, वो सभी उस सॉफ्टवेयर से लिंक कर दिए जाते थे। किस खाते में कितने रुपए जमा हो रहे हैं, कितने निकाले गए हैं, इसे लाइव देख सकते हैं।

शिकायत होने के बाद साइबर पुलिस उन खातों को फ्रीज करवाने की कोशिश करती थी तो उस सॉफ्टवेयर (एप) के जरिए पहले ही पता चल जाता था।

पुलिस सूत्रों की मानें तो साइबर फ्रॉड का पूरा संचालन बड़े स्तर पर विदेशी जमीन पर हो रहा है। ज्यादातर गिरोह का चीन, दुबई और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से चल रहे हैं। विदेशों में बैठे ठग भारत में अपने एजेंट तैयार करते हैं। फिर उनको फिक्स कमीशन का लालच देते हैं। ये ठग कौन हैं, इसका कभी पता नहीं चल पाता, क्योंकि ये लोग भारतीय एजेंटों से कभी फोन पर बात नहीं करते। केवल टेलीग्राम और वॉट्सएप से चैट के जरिए ही कॉन्टैक्ट में रहते हैं।

## 18 हथियारों के साथ 21 नक्सलियों का सरेंडर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार को 21 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। जंगल से निकलकर सभी नक्सली सरेंडर करने कांकेर पहुंचे। इनमें DVCM, ACM कैसे कैडर के नक्सली शामिल हैं। ये सभी नॉर्थ सब जोनल ब्यूरो में सक्रिय थे। अपने साथ एके-47, इंसास, SLR जैसे 18 ऑटोमैटिक हथियार भी लाए। ये सभी नक्सली नॉर्थ सब जोनल ब्यूरो के अंतर्गत केशकाल डिवीजन, कुएमारी, किसकोडो एरिया कमेटी में सक्रिय थे।

### छठ पर्व



पटना में गंगा नदी के तट पर छठ पूजा की रस्में निभाती महिलाएं।



## हैप्पी मॉर्निंग


डॉक्टर (मरीज से)- भगवान और डॉक्टर को कभी नाराज नहीं करना चाहिए
मरीज- ऐसा क्यों?
डॉक्टर- क्योंकि जब भगवान नाराज होता है, तो डॉक्टर के पास भेज देता है
और जब डॉक्टर नाराज होता है, तो भगवान के पास भेज देता है......



## शायरी

ग़ुर्बत की ठंडी छाँव में याद आई उस की धूप
क़द्र-ए-वतन हुई हमें तर्क-ए-वतन के बाद

## अर्थसार



सेंसेक्स:
84,211.88
-344.52 (0.41%)
निफ्टी:
25,795.15
-96.25

## मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 19 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 32
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 46

# महाराष्ट्र डॉक्टर आत्महत्या केस- फरार सब-इंस्पेक्टर ने सरेंडर किया

### मकान मालिक का बेटा भी गिरफ्तार; राहुल गांधी बोले- सिस्टम ने मारा

**सातारा।** महाराष्ट्र की महिला डॉक्टर सुसाइड केस में शनिवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि फरार सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने ने शनिवार शाम फलटण ग्रामीण पुलिस थाने में सरेंडर किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

बदने को रविवार को फाल्टन की अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 30 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। इससे पहले शनिवार दोपहर पुलिस ने प्रशांत बांकर को गिरफ्तार किया था।

पीड़ित जिस मकान में रहती थी, प्रशांत उस मकान मालिक का बेटा है। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उस पर पीड़ित का रेप करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है।



महिला डॉक्टर के सुसाइड के बाद से सब इंस्पेक्टर गोपाल बदने फरार था

फलटण सिविल अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर ने 23 अक्टूबर को शहर के एक होटल में सुसाइड किया था। उसकी हथेली पर गोपाल बदने और प्रशांत बांकर के नाम लिखे थे। पीड़ित ने लिखा था कि गोपाल ने पिछले 5 महीने में 4 बार उसका रेप किया।

वहीं, प्रशांत पर मेंटल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। इसके अलावा 4 पेज के सुसाइड नोट में एक सांसद और उसके दो पीए पर भी आरोप लगाए हैं कि ये सभी उस पर अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए आने वाले आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाते थे।



'लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामले को संस्थागत हत्या (सिस्टम की वजह से जान जाना) करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर जनता को अपराधियों से बचाने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने इस निर्दोष महिला के साथ सबसे जघन्य अपराध किया।'

## झारखंड-संक्रमित खून चढ़ाने से 5 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव

**रांची/चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही का मामला सामने आया है। थैलेसीमिया पीड़ित 5 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें संक्रमित खून चढ़ाया गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिविल सर्जन समेत संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने पीड़ित बच्चों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया है। संक्रमित बच्चों का पूरा इलाज भी राज्य सरकार कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और जिला सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, 3 सितंबर को यहां थैलेसीमिया पीड़ित 7 साल के बच्चे को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया। 18 अक्टूबर को उसकी जांच की गई तो वह एचआईवी पॉजिटिव मिला। मामला सामने आया तो हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए।

# देश में 3 मौसमी सिस्टम एक साथ एक्टिव

### 15 राज्यों में अगले 3-4 दिन में बारिश-ठंड की संभावना; पहाड़ी राज्यों में तापमान गिरेगा

**नई दिल्ली।** देश से 15 अक्टूबर को मानसून अलविदा हो गया था, लेकिन रविवार को देश के 90 फीसदी इलाके में बादल छाए हल्की से तेज बारिश भी हुई। मध्य प्रदेश, गुजरात, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश का ज्यादा असर रहा।

इसका कारण देश में तीन मौसमी सिस्टम एक साथ एक्टिव हो रहे हैं। इन सिस्टम का असर मध्य प्रदेश समेत 15 राज्यों में अगले तीन से चार दिन दिखेगा। यहां ठंडी तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश भी हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिम विक्षोभ एक्टिव होने से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में भी बारिश होगी। साथ ही 6 नवंबर के बाद दूसरी अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है। इससे तापमान में 3 से 4 की गिरावट आएगी। साथ ही पंजाब, हरियाणा, राजस्थान से दिल्ली तक बादल छाए रहेंगे। नवंबर का पहला हफ्ता बीतते ही ठंड बढ़ जाएगी।

वहीं, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। सोमवार को इसके समुद्री तूफान चक्रवात मोन्था और मंगलवार को गंभीर समुद्री तूफान में बदलने की संभावना है। इसका केंद्र अभी विशाखापट्टनम से 830 किमी पूर्व की दिशा में है।

### तीन मौसमी सिस्टम

**पहला**- पूर्वी तट पर तूफान मोंथा मंगलवार रात पहुंचने वाला है। यह आंध्र के मछली पट्टनम और कलिंगापट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास तट से टकराएगा।

**दूसरा**- पूर्व मध्य अरब सागर में रविवार को बना मौसमी सिस्टम डीप डिप्रेशन में तब्दील हो चुका है, लेकिन गुजरात की बढ़ने की बजाय अब कर्व लेकर तटों से दूर जा रहा है। इससे गुजरात के कुछ जिलों के लिए अगले 24 घंटे के दौरान रेड अलर्ट कर दिया गया है।

**तीसरा**- पश्चिमी विक्षोभ के रूप में सोमवार को उत्तरी हिमालय के पहाड़ी राज्यों में दस्तक देने वाला है। इससे पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ ही नवंबर के पहले हफ्ते में 3-4 डिग्री तापमान गिर सकता है।



# पंजाब के पूर्व डीआईजी भुल्लर का विदेशी कनेक्शन

- दुबई में 2, कनाडा में 3 फ्लैट, सीबीआई को लुधियाना में 20 दुकानों का भी पता चला

**चंडीगढ़।** रिश्वत केस में पकड़े पंजाब के रोपड़ रेंज के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर का विदेशी कनेक्शन सामने आया है। भुल्लर के ड्यूटी के दौरान ही करीबन 10 बार दुबई यात्रा पर जाने की चर्चा है। सीबीआई ने भुल्लर का पासपोर्ट अपने कब्जे में लिया हुआ है। इसके माध्यम से उनके विदेश दौरों की डिटेल जुटाई जा रही है।

सीबीआई के आधिकारिक सूत्रों अनुसार अब तक भुल्लर के दुबई में 2 और कनाडा में 3 फ्लैट का पता चला है। इसके अलावा उनके पास लुधियाना में लगभग 55 एकड़ जमीन और माछीवाड़ा क्षेत्र में 20 दुकानों की जानकारी भी सीबीआई के हाथ लगी है। सीबीआई को शक है कि भुल्लर ने अपनी तैनाती के दौरान विदेशों में भी संपत्ति बनाई।

सीबीआई सूत्रों का कहना है कि एजेंसी अब इन सभी संपत्तियों के सोर्स का पता लगाने में जुटी है और यह जांच भी की जा रही है कि क्या इन संपत्तियों को किसी अन्य नाम पर खरीदा गया था। आने वाले दिनों में भुल्लर की संपत्तियों को लेकर और खुलासे होने की संभावना है।

### आंकड़े

2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान करीब 8,000 स्कूलों में एक भी छात्र का एडमिशन नहीं हुआ

# 8 हजार स्कूलों में एक भी छात्र नहीं, 20 हजार टीचर्स हैं तैनात

नई दिल्ली। देशभर में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान करीब 8,000 स्कूलों में एक भी छात्र का एडमिशन नहीं हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक ऐसे स्कूल 3,812 थे, जिनमें शून्य नामांकन दर्ज किया गया। इसके बाद तेलंगाना 2,245 स्कूलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इन शून्य नामांकन वाले स्कूलों में कुल 20,817 टीचर तैनात थे। खास बात यह है कि पश्चिम बंगाल में ही 17,965 शिक्षक ऐसे स्कूलों में कार्यरत थे। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 सत्र के 12954 से घटकर 2024-25 में शून्य नामांकन वाले स्कूलों की संख्या 7993 रह गई, जो करीब 5,000 की कमी दर्शाती है। हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में एक भी ऐसा स्कूल नहीं था। सीनियर अधिकारी ने बताया, स्कूल शिक्षा राज्य का विषय है। राज्यों को शून्य नामांकन की समस्या से निपटने की सलाह दी गई है। कुछ राज्यों ने संसाधनों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टाफ के उपयोग के लिए स्कूलों का विलय किया है।



### संघ शासित प्रदेशों और दिल्ली में कैसी स्थिति

पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा व नगर हवेली, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, दमन व दीव और चंडीगढ़ जैसे संघ शासित प्रदेशों में शून्य नामांकन वाले स्कूल नहीं थे। दिल्ली में भी ऐसा कोई स्कूल नहीं है। मध्य प्रदेश में 463 ऐसे स्कूल थे, जहां 223 शिक्षक तैनात थे। तेलंगाना में 1,016 टीचर्स ऐसे स्कूलों में थे। उत्तर प्रदेश में 81 ऐसे स्कूल हैं। यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने घोषणा की है कि वह पिछले तीन लगातार शैक्षणिक सत्रों में शून्य नामांकन वाले संबद्ध स्कूलों की मान्यता रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

### एकमात्र टीचर वाले स्कूलों के कैसे हालात

देशभर में 33 लाख से अधिक छात्र 1 लाख से ज्यादा एकल शिक्षक वाले स्कूलों में पढ़ रहे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक ऐसे स्कूल हैं, उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, सिंगल टीचर वाले स्कूलों में एडमिशन के लिहाज से उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश है। 2022-23 में 118190 से घटकर 2023-24 में एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 110971 रह गई, जो करीब 6 प्रतिशत की कमी दर्शाती है।

## संपादकीय

# पार्टियों की बीच की लड़ाई रही गई यमुना की सफाई

### यमुना : पवित्रता की प्रतीक से नाले में तब्दील



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

यमुना नदी, जो हिंदू धर्म में पवित्रता की प्रतीक मानी जाती है, आज दिल्ली की शर्मिंदगी बन चुकी है। यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलकर प्राकृतिक सौंदर्य की धारा बनकर बहने वाली यह नदी, जैसे ही दिल्ली पहुंचती है, एक गंदे नाले में बदल जाती है। काला पानी, सफेद झाग, दुर्गंध और मछलियों का अभाव ङ्क यही है आज यमुना की हकीकत। 2025 के आखिर तक सफाई का वादा करने वाली सरकारें आती-जाती रहीं, लेकिन नदी की हालत जस की तस है। राजनीतिक दलों की आपसी लड़ाई में यमुना की सफाई एक किनारे धकेल दी गई। क्या यह महज एक राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गई, या फिर हमारी सामूहिक लापरवाही का नतीजा है? आइए, इसकी पड़ताल करें।

### प्रदूषण के कारण : मानवीय लापरवाही की इंतिहा

यमुना का प्रदूषण कोई नई समस्या नहीं है। 1970 के दशक से दिल्ली के तेज औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि ने इसे जन्म दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट्स बताती हैं कि दिल्ली में यमुना का मात्र 22 किलोमीटर का हिस्सा ही नदी के नाम पर बचा है, जो वजीराबाद बैराज से ओखला बैराज तक फैला है। यहां प्रतिदिन 1,100 मिलियन लीटर सीवेज बिना शोधन के नदी में गिराया जाता है।

### मुख्य कारण?

**सीवेज और घरेलू कचरा :** दिल्ली के 360 छोटे-बड़े नालों में से 22 बड़े नाले सीधे यमुना को दूषित करते हैं। जेजे क्लस्टर्स और अनधिकृत कॉलोनियों से निकला गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के बहता है।

**औद्योगिक प्रदूषण :** रसायनिक फैक्टरियां अमोनिया, लेड और अन्य विषाक्त पदार्थों को नदी में उंडेलती हैं। त्योहारों के मौसम में सर्फेक्टेंट्स (झाग पैदा करने वाले रसायन) की मात्रा चरम पर पहुंच जाती है।

**बहाव की कमी:** यमुना बेसिन समझौते (1994) के तहत हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पानी निकासी के कारण दिल्ली में पर्यावरणीय प्रवाह (ई-फ्लो) घटकर 247 एमजीडी रह जाता है। गर्मियों में नदी सूखी-सी पड़ जाती है, जहां प्रदूषण घुल जाता है।

**अवैध अतिक्रमण :** नदी किनारे कूड़ा डंपिंग और अनियोजित निर्माण ने तटीय पारिस्थितिकी को नष्ट कर दिया।

परिणामस्वरूप, नदी का पानी पीने योग्य नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए घातक है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह जल त्वचा रोग, श्वसन समस्याएं और कैंसर जैसी बीमारियां फैला रहा है। मछलियां और जलीय जीव खत्म हो चुके हैं, जो पारिस्थितिकी असंतुलन का संकेत है।

### सफाई प्रयास : वादों का पुलिंदा, कार्यान्वयन की कमी

यमुना की सफाई के नाम पर दशकों से योजनाएं बनती रहीं, लेकिन अमल में कमी रही। 1993 में पहला यमुना एक्शन प्लान (वाईएपी) लॉन्च हुआ, जिसके तहत 7,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। फिर 2003 और 2012 में दूसरे-तीसरे चरण आए। आप सरकार ने 2021 में 2025 तक सफाई का वादा किया, छह-सूत्री एक्शन प्लान के साथ। केजरीवाल ने यमुना क्लीनिंग सेल गठित किया, जिसमें जेजे क्लस्टर्स, औद्योगिक यूनिट्स और इन-सिटू ट्रीटमेंट पर फोकस था।

2025 में भाजपा सरकार ने भी प्रतिबद्धता जताई। जून 2025 में दिल्ली सरकार ने 22 बड़े नालों का ड्रोन सर्वे शुरू किया, जो अगस्त तक पूरा होना था। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नजफगढ़ और शाहदरा ड्रेन का सर्वे हो रहा है। दिल्ली जल बोर्ड ने 67 स्थानों पर प्रदूषण मापन की स्थायी व्यवस्था सितंबर 2025 तक बनाने का लक्ष्य रखा। वाप्कोस कंसल्टेंसी को नालों के जल प्रवाह मापन का जिम्मा दिया गया। मार्च 2025 में तीन साल का मास्टर प्लान घोषित हुआ, जिसमें सीवर लाइन बिछाने और मुफ्त कनेक्शन पर जोर है। फिर भी, ये प्रयास अधर में लटके हैं। केंद्रीय और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी, बजट की किल्लत और भ्रष्टाचार ने सब बर्बाद कर दिया। यमुना बेसिन समझौते की 2025 समीक्षा महत्वपूर्ण हो सकती है, यदि ई-फ्लो बढ़ाने पर सहमति बने। इजरायली तकनीक जैसे उन्नत ट्रीटमेंट प्लांट्स का सुझाव आया है, लेकिन अमल नहीं।

### राजनीतिक लड़ाई : सफाई का शिकार

दिल्ली चुनावों में यमुना हमेशा मुद्दा बनी, लेकिन पार्टियां एक-दूसरे पर इल्जाम लगाती रहीं। आप ने केंद्र को जिम्मेदार ठहराया, भाजपा ने राज्य सरकार पर। 2025 चुनाव से पहले भी यही सिलसिला चला। परिणाम? सफाई योजनाएं कागजों पर सिमट गईं। विशेषज्ञ कहते हैं कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी से 32 सालों में हजारों करोड़ बर्बाद हुए। यदि पार्टियां लड़ाई छोड़कर सहयोग करें, तो साबरमती रिवर फ्रंट जैसा मॉडल यहां लागू हो सकता है।

### समाधान के रास्ते: सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी

यमुना को बचाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) की क्षमता बढ़ानी होगी ङ्क वर्तमान में 70 प्रतिशत सीवेज ही शोधित होता है। औद्योगिक इकाइयों पर सख्त निगरानी, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज नीति लागू करें। नदी किनारे हरित पट्टी विकसित कर अतिक्रमण रोके।

जन जागरूकता अभियान चलाएं, जहां स्कूलों से लेकर कॉर्पोरेट तक शामिल हों। 2025 बेसिन समीक्षा में उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, यूपी, एमपी और दिल्ली मिलकर ई-फ्लो सुनिश्चित करें।


अंत में, यमुना सिर्फ दिल्ली की नहीं, बल्कि पूरे देश की धरोहर है। पार्टियों की लड़ाई बंद हो, और सफाई मिशन मोड में चले। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें, तो वह दिन दूर नहीं जब यमुना फिर से निर्मल धारा बनेगी। अन्यथा, यह काला पानी आने वाली पीढ़ियों के लिए अभिशाप साबित होगा। समय है जागने का - यमुना मैया को बचाओ, वरना पछतावा ही बचेगा।



27 अक्टूबर छठ पूजा पर विशेष

# एक पर्व नहीं है महापर्व है छठ पूजा

रमेश सर्राफ धमोरा



दिवाली के बाद छठ पूजा का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान घर से लेकर घाटों तक बेहद खास रौनक देखने को मिलती है।

छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और समापन सप्तमी तिथि पर होता है। इस दौरान छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस व्रत को निर्जला किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसर छठी मैया की उपासना और व्रत करने से संतान को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है।

छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्ध्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं।

सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं।

यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं।

जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है।

कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से नि:संतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।

छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी।

महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है।

जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।


एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3692




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3691 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने होटल के मालिक को कहा-'जनाब ! इस समय आपका बिल चुकाने के लिये मेरे पास पैसे नहीं हैं.'

'फिक्र न करें !' होटल का मालिक बोला-'हम आपका नाम दीवार पर लिख देंगे. आप जब अगली बार आएं तो दे दीजिएगा.'

'मगर ऐसे तो सबको मालूम हो जायेगा !'

'कैसे मालूम होगा श्रीमान जी !' होटल के मालिक शान्त स्वर में बोला -'नाम के ऊपर आपका कोट जो टंगा होगा.'

□ □ □

एक अंग्रेज ने, हिन्दुस्तानी आदमी से कहा कि 'तुम्हारी मूंछ तो बहुत अच्छी है, तुम मुझे यह दे दो मैं तुम्हें मुँह मांगा दाम दूँगा.' यह सुनते ही वह आदमी घर के अंदर गया और अपने सिर के बाल काट के लाकर के अंग्रेज के हाथ में दे दिए. बालों को देखकर अंग्रेज बोला कि 'यह क्या मैंने तो तुम्हारी मूंछ मांगी थी, तुम बाल क्यों ले आए?' अंग्रेज की बात सुनते ही उस व्यक्ति ने कहा कि 'माल हमेशा गोदाम से दिया जाता है न कि शोरूम से !'

□ □ □

जज-'तुमने एक ही दुकान में चार बार चोरी क्यों की ?'

चोर-'साहब पहली तीन बार मेरी बीवी को कोई साड़ी पसंद नहीं आई थी, इसलिए !'

## फिल्म वर्ग पहेली - 3692



**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लाड़ा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3691



## सूडोकु -3692

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3691 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 3692



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

शब्द पहेली - 3691 का हल



# डॉ. संजय कुमार निषाद ने नोएडा में मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के माननीय मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने आज शक्ति सदन गेस्ट हाउस, सेक्टर-38, नोएडा में जिला स्तरीय अधिकारियों, लीड बैंक प्रबंधक तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और मत्स्यपालन क्षेत्र में रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



माननीय मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि मत्स्यपालन से जुड़े लाभार्थियों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मत्स्यपालन क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए किसानों, मत्स्यपालकों एवं उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें।

बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य योजना, नील क्रांति मिशन, निशाद राज योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। माननीय मंत्री जी ने निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों का चयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा उन्हें समय पर योजनाओं का लाभ मिले।

उन्होंने सिंचाई विभाग को मत्स्यपालन के अनुकूल जलाशयों एवं तालाबों के पुनरुद्धार के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही लीड बैंक प्रबंधक को लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने का निर्देश दिया।

विभागीय अधिकारियों द्वारा बैठक में बताया गया कि मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मत्स्यपालकों को चिकित्सा सहायता, शिक्षा सहायता, बीमा सहायता, प्रशिक्षण तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अब तक 8 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है, जबकि निशाद राज योजना में 2 लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मत्स्य संवीदा योजना के अंतर्गत अब तक 15 लाभार्थियों को तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत 242 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है।

माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मत्स्यपालन क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत अभियान का सशक्त स्तंभ बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मत्स्यपालकों को तकनीकी सहायता, वित्तीय सहयोग एवं विपणन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य मत्स्य अधिकारी आशीष मौर्य, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत माननीय मंत्री जी ने मीडिया बंधुओं से भी संवाद किया और सरकार की प्राथमिकताओं की जानकारी साझा की।

# गौतमबुद्धनगर पुलिस ने 2.25 लाख लोगों को किया जागरूक

## साइबर सुरक्षा पर मेगा अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन



**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्धनगर पुलिस ने अक्टूबर माह को नेशनल साइबर अवेयरनेस माह के रूप में मनाते हुए एक मेगा साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया। इस पहल के तहत 2.25 लाख से अधिक लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर) शैव्या गोयल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। इसमें YouTube लाइव के माध्यम से 1200 से अधिक स्थानों पर RWAऔर AOA के सहयोग से आमजन को एकत्रित किया गया। RWA, AOA, पार्कों, मॉल, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर स्क्रीन लगाकर नागरिकों को साइबर अवेयरनेस, साइबर हाइजीन और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ अमित दुबे ने कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आमजन को संबोधित किया। अमित दुबे एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग के अग्रणी शोधकर्ता हैं। वे सरकारी एजेंसियों और पुलिस विभागों के लिए साइबर सुरक्षा और अपराध जांच में सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने साइबर अपराध पर छह पुस्तकें लिखी हैं और 900,000 से अधिक पुलिस अधिकारियों, न्यायाधीशों और नौकरशाहों को प्रशिक्षित किया है। उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

# पुजारी पर चाकू से हमला, तोड़फोड़ के विरोध का बदला, जांच मे जुटी पुलिस

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में एक पुजारी पर अज्ञात बदमाशों ने शुक्रवार देर रात चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुजारी के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित स्वजन का दावा है कि पुजारी पर रंजिशन अज्ञात बदमाश बुलाकर हमला कराने का आरोप कराया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

बता दे कि सूरजपुर कस्बे में देवेंद्र शर्मा उर्फ देवा पंडित परिवार के साथ रहते हैं। उनके पूर्वजों ने सूरजपुर कस्बे में प्राचीन बाराही मंदिर का निर्माण कराया था। जहां हर साल ऐतिहासिक बाराही मेला भी लगाता है। पीड़ित का आरोप है कि वह शुक्रवार रात 10 बजे के करीब मंदिर से पूजा-पाठ कर घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में तीन चार अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। धारदार हथियार से पेट पर वार किया, जिससे वह घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर लोगों को एकत्र होता देख आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़ित स्वजन संग पुलिसकर्मियों ने उन्हें घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

पीड़ित का दावा है कि उनपर रंजिशन हमला हुआ है। कुछ लोगों ने मंदिर के नाम पर एक समिति का गठन कर मंदिर में तोड़फोड़ की। जिसका उन्होंने विरोध किया था। आरोप है कि हमलावर तभी से उनसे रंजिश मानते हैं। पीड़ित स्वजन का आरोप है कि 29 सितंबर को भी समिति में शामिल कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

# गोवंश तालाब में फंसा, गोसेवकों ने बचाया

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित राजपुर कला गांव में रविवार को एक गोवंश गहरे तालाब में फंस गया। दलदल अधिक होने के कारण वह धीरे-धीरे अंदर धंसता चला गया। सूचना मिलने पर गोसेवकों ने मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के पास से गुजरते समय गोवंश का पैर फिसल गया, जिससे वह उसमें जा गिरा। दलदल की गहराई और गोवंश का अधिक वजन होने के कारण सामान्य तरीके से बचाव संभव नहीं हो पाया। गोसेवकों ने तुरंत हाइड्रा मशीन मंगवाई। कड़ी मशक्कत के बाद, लगभग एक घंटे से अधिक समय लगाकर, गोवंश को सुरक्षित रूप से तालाब से बाहर निकाला गया। गोवंश के सुरक्षित निकलने पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# नोएडा डायबिटीक फोरम का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 150 लोगों की जांच हुई

**नोएडा।** प्रदूषण का प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है और बढ़ते तनाव से युवा डायबिटीज सहित अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। भागदौड़ भरे जीवन में पौष्टिक खानपान नहीं ले पाने, नींद पूरी नहीं होने और रात में भोजन करके सो जाना मुख्य वजह है। यह जानकारी सेक्टर-37 के शशिकांत एंकलेव में स्थित एसओएफ स्कूल में नोएडा डायबिटीक फोरम द्वारा लगाए गए, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सामने आई है। इस शिविर में 150 के करीब मरीजों की जांच की गई। इसमें विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा आंख, कान, नाक, दांत, फेफड़े, शुगर, सीजनल फीवर आदि की जांच की गई। इसके साथ ही फाइब्रो स्कैन, ईसीजी, हड्डी रोग की भी जांच की गई। बता दे कि निशुल्क स्वास्थ्य जांच



शिविर में डॉक्टरो ने लोगों की जांच की और सलाह भी दी, नोएडा डायबिटीक फोरम के अध्यक्ष डाक्टर जीसी वैष्णव का कहना कि शिविर में 80 प्रतिशत मरीज डायबिटीज के आ रहे हैं। 25 से 40 वर्ष के युवाओं में भी डायबिटीज की शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि युवा को अपनी दिनचर्या में बदलाव करना होगा, तभी डायबिटीज् से बच सकते हैं। शिविर में लोगों को प्रदूषण का प्रभाव से होने वाले रोगों के बारे में बताया गया और उसकी जांच ब्रेथ एनालाइजर से गई और उपचार भी किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन ने 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

## युवा और किसानों के मुद्दों पर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**गौतम बुद्ध नगर।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने स्थानीय युवाओं और किसानों से जुड़े 13 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता में हुआ।



प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए हजारों किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि अधिग्रहित की गई है। यह भूमि वर्षों से इन किसानों की आजीविका का मुख्य साधन रही है। भूमि अधिग्रहण के बाद अधिकांश परिवार अब जीविका के संकट से जूझ रहे हैं।

चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा मुआवजा राशि तो प्रदान की गई है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। किसानों की नई पीढ़ी बेरोजगारी का सामना कर रही है, जिससे उनके भविष्य पर असर पड़ रहा है।

संगठन की प्रमुख मांगों में जनपद गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा आदि में स्थापित उद्योगों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए 60 प्रतिशत रोजगार कोटा निर्धारित करना शामिल है। साथ ही, युवाओं को उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाने और आबादी की बैक लीज का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की गई। ज्ञापन में तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा पुश्तैनी और गैर-पुश्तैनी जैसे भेदभावपूर्ण नियमों को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग भी की गई। इसके तहत, जिसकी भी भूमि का अधिग्रहण हुआ हो, उसे किसान कोटे का आवासीय भूखंड अनिवार्य रूप से दिया जाए और इन भूखंडों का कब्जा जल्द दिलाया जाए।

अन्य मांगों में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के आसपास किसी भी गांव का विस्थापन न करना, लगभग 10 वर्षों से नहीं बढ़ाए गए कृषि भूमि के सर्किल रेट को तुरंत बढ़ाना, और 1 जनवरी 2014 के बाद भूमि अधिग्रहण वाले किसानों को भूमि अर्जन, पुनर्वसन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 का लाभ देना शामिल है।

स्थानीय लोगों को किसी भी एक्सप्रेसवे के 20 किलोमीटर के दायरे में टोल फ्री सुविधा देने की भी मांग की गई। इस प्रदर्शन के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में दो पक्षों के बीच मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव में दो पक्षों के बीच विवाद रात में मारपीट में बदल गया। इस मामले में एक भाजपा नेता पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगा है।

पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है और घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

लखनावली निवासी हरीश पंडित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका गांव के ही प्रिंस पंडित से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद की शुरुआत अभद्र टिप्पणी से हुई और दोनों पक्षों के बीच पहले भी झगड़ा हो चुका था।

रात के समय विवाद बढ़ने पर प्रिंस पंडित अपने साथियों के साथ दो-तीन गाड़ियों में सवार होकर हरीश के घर पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर हरीश और उनके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। दोनों पक्ष भाजपा से जुड़े बताए जा रहे हैं।

सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और चार लोगों को हिरासत में लिया।

पुलिस जब प्रिंस पंडित को ले जा रही थी, तब भी उसने दूसरे पक्ष पर टिप्पणी की। मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें कई लोग घर में घुसकर मारपीट करते दिख रहे हैं।

सूरजपुर थाना पुलिस ने बताया कि देर रात झगड़े की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की गई। गिरफ्तार चार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# स्नातक व शिक्षक मतदाता 6 नवंबर 2025 तक कर सकते हैं आवेदन

**गौतमबुद्धनगर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मेरठ खण्ड स्नातक एवं मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम-31 (4) के अंतर्गत किया जा रहा है।

इस संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र/आयुक्त मेरठ मण्डल, मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, पात्र स्नातक मतदाताओं से फार्म-18 में तथा पात्र शिक्षक मतदाताओं से फार्म-19 में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन 06 नवम्बर, 2025 तक या उससे पूर्व संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त नोटिस दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्रों के 30 सितम्बर, 2025 के संस्करणों में प्रकाशित किया गया है। पात्र व्यक्ति यदि अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, तो वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की शासकीय वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के पात्र स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन समय से प्रस्तुत करें, जिससे उनका नाम विधान परिषद के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके।

# नोएडा में बाइक चोरी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में बदमाशों ने एक बाइक चोरी की। जिसकी फुटेज मकान में लगे सीसीटीवी में आ गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि तीन चोर बाइक के पास आते है। वहां खड़े होते है। एक हैंडिल लॉक तोड़ा और दूसरा मास्टर की से बाइक चालू करता है। वहीं तीसरा साथी बाइक पर बैठकर आराम से स्टार्ट करता है। वहां से बाइक लेकर फरार हो जाता है। नोएडा वासियों ने इस वीडियो को एक्स पर वायरल किया और पुलिस से एक्शन की मांग की। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने बताया कि आसपास और घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है। पुलिस की टीम गठित की गई है। जल्द ही तीनों चोरों को पकड़ लिया जाएगा। बता दे नोएडा में लगातार बाइक चोरी की घटना बढ़ रही है। बता दे इस समय फेस्टिवल सीजन है। ऐसे में लोग अपने घर गए है। इसका फायदा चोर उठा रहे है।

# डीसीपी नोएडा ने छठ घाटों का निरीक्षण किया

## 52 घाट तैयार, सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा

गौतम बुद्ध नगर। छठ पूजा को लेकर गौतम बुद्ध नगर में तैयारियां जोरों पर हैं। नोएडा जोन में लगभग 52 स्थानों पर छठ घाट तैयार किए गए हैं। इसी क्रम में, डीसीपी नोएडा और एडिशनल डीसीपी नोएडा ने इन छठ घाटों का निरीक्षण किया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर, डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला के साथ नोएडा जोन के चार प्रमुख कृत्रिम घाटों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान, पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और फायर टेंडर की उपलब्धता जैसी व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की गई।

अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसीपी यमुना प्रसाद और एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने संबंधित थाना प्रभारियों को घाटों के आसपास नियमित फुट पेट्रोलिंग करने, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच करने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, सभी पीसीआर और पीआरवी वाहनों को क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# शार्ट न्यूज

## बाइक सवारों को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा की थाना फेस-3 पुलिस ने बाइक सवारों को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा घायल हो गया था। पुलिस को शनिवार को एक युवक ने सूचना दी थी कि एक ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके भाई की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसके भाई पवन और शिवम घायल हो गए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान पवन की मृत्यु हो गई। युवक की शिकायत के आधार पर थाना फेस-3 में ट्रक नंबर के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। रविवार को थाना फेस-3 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर फरार चल रहे ट्रक चालक वसीम शाह को सेक्टर-68, नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रक भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वसीम शाह मूल रूप से नालंदा, बिहार का रहने वाला है और फिलहाल खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद में रह रहा था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22-डी में भरा पानी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र स्थित सेक्टर-22 डी में जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है। इस क्षेत्र की कई सोसायटियों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पानी भरने से स्थानीय निवासियों का दैनिक आवागमन मुश्किल हो गया है। कई फीट तक पानी जमा होने के कारण बच्चों और बुजुर्गों को विशेष कठिनाई हो रही है। वहीं, वाहनों का निकलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से जमा पानी के कारण आसपास के इलाकों में जहरीले कीड़े-मकौड़ों की संख्या बढ़ गई है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। रमेश, दिनेश, गोविंद और ओमबीर सहित अन्य निवासियों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत दी है, लेकिन यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अब तक सड़क की मरम्मत या जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे यमुना प्राधिकरण कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

## दलित युवक हत्याकांड में चौथा आरोपी गिरफ्तार

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रबुपुरा थाना क्षेत्र में दलित युवक अनिकेत की हत्या के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी अंकित को शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 16 अक्टूबर की रात एक जन्मदिन पार्टी के दौरान अंकित ने अपने साथियों के साथ मिलकर अनिकेत और उसके परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला किया था। इस हमले में अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गया था और शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अनिकेत की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। बढ़ते तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मुख्यमंत्री ने भी इस मामले का संज्ञान लिया और पीड़ित परिवार से बात कर सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।रबुपुरा पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। फरार आरोपियों की तलाश के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने बताया कि सभी फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## नोएडा में बालकनी से गिरकर युवक की मौत

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक नॉर्थ आई सोसाइटी में रविवार सुबह एक युवक की आठवीं मंजिल की बालकनी से गिरकर मौत हो गई। घटना सुबह करीब 6: 30 बजे हुई। 29 वर्षीय शुभम कुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, अलीगढ़ के हरदुआगंज निवासी शुभम कुमार की दोस्ती एक ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कुछ लोगों से हुई थी। शनिवार को शुभम सहित सात से आठ युवक ऑनलाइन दोस्तों से मिलने के लिए सोसाइटी के एक फ्लैट में एकत्र हुए थे। यह फ्लैट एक महिला का है, जिसे वह किराए पर देती है। घटना के बाद फ्लैट में मौजूद दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को इस संबंध में कुछ अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना से पहले रात में पांच से छह युवक फ्लैट से निकल गए थे। पुलिस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए फ्लैट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक के दोस्त जहां इसे आत्महत्या या लापरवाही का मामला बता रहे हैं, वहीं स्थानीय लोग इसे एक हादसा मान रहे हैं।

## बच्चों के लिए बनाया जाएगा साइंस क्लब

**नोएडा।** विज्ञान से जुड़ी तमाम जानकारियां देने के लिए शहर में बच्चों के लिए क्लब बनाया जाएगा। यह करीब 25 एकड़ में बनाया जाएगा। इसके लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के आसपास जमीन तलाशनी शुरू कर दी गई है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जिले में ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां दी जा सकें। अंतरिक्ष समेत अन्य विषयों पर जानकारी देने के लिए यह क्लब बनाने की तैयारी की जा रही है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस क्लब बनाने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए जमीन तलाशी जा रही है। बच्चों के लिए इस क्लब को बनाने में करीब 200 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है। जमीन मिलने के बाद इसको बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ओएसडी ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में कहीं भी इस तरह का क्लब नहीं बना हुआ है। इसके बनने से बच्चों को विज्ञान से जुड़ी तमाम जानकारियां मिल सकेंगी। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि शहर के आंतरिक हिस्से में करीब 25 एकड़ जमीन खाली नहीं है।

## कंपनी पर 75 लाख रुपये हड़पने का आरोप

नोएडा। ग्रेटर नोएडा की कंपनी के मालिक ने फेज-2 क्षेत्र स्थित प्राइवेट कंपनी के मालिक पर 75 लाख से अधिक रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर फेज-2 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता लोबजांग त्सुंदू मेवो ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-तीन स्थित एक प्राइवेट कंपनी है। वर्ष 2022 में फेज-2 क्षेत्र स्थित केएचवाई इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आशीष वर्मा ने उनकी कंपनी के साथ कारोबार करने का प्रस्ताव रखा। बातचीत के बाद शिकायतकर्ता की कंपनी ने आरोपी की कंपनी को आरटीवी सिलिकोन आदि सामान की आपूर्ति शुरू कर दी।आरोपी की कंपनी ने विश्वास जीतने के लिए शुरू में भुगतान समय पर किया। दोनों कंपनियों के बीच अच्छे कारोबारी संबंध स्थापित हो गए। आरोप है कि वर्ष 2023 में आरोपी की कंपनी ने दिए सामान का भुगतान नहीं किया। हर बार तकादा करने पर भुगतान करने का भरोसा मिलता रहा। आरोपी की कंपनी को वर्ष 2025 तक माल की आपूर्ति होती रही।

## मोबाइल फोन छिनैती करने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने मोबाइल फोन झपटने वाले दो आरोपियों को शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से छीने गए दो मोबाइल फोन बरामद हुए। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से केस दर्ज हैं। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से टीमें मोबाइल फोन छीनने वालों और चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही थीं। शनिवार शाम टीम ने सेक्टर-58 स्थित जुबलियेंट पार्क के पास से दो संदिग्धों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल के गंगारामपुर निवासी राजेश और जिला औरैया के दिवियापुर निवासी अजय के रूप में हुई।दोनों सेक्टर-22 स्थित चौड़ा रघुनाथपुर गांव में किराये पर रहते हैं। तलाशी ली तो उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों बाइक पर सवार होकर मोबाइल फोन छीनते थे।

# भसूड़ा में गन्ना अधिकारी ने किया आधार पौधशाला का सत्यापन, किसानों को दी वैज्ञानिक सलाह

**पीलीभीत।** शारदकालीन गन्ना बुवाई के इस मौसम में किसानों से रोगरोधी और अगेती गन्ना किस्मों का चयन सावधानीपूर्वक करने की अपील की गई है। आज जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गन्ना विकास परिषद बीसलपुर के ग्राम भसूड़ा स्थित आधार पौधशाला का सत्यापन किया। यह पौधशाला उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद् शाहजहांपुर से लाई गई कोशा-18231 किस्म से तैयार की गई थी। गन्ना अधिकारी ने बताया कि कोशा-18231 एक जल्दी पकने वाली अगेती गन्ना किस्म है, जिसकी टिलरिंग क्षमता उत्कृष्ट होती है और इससे मिल योग्य गन्ना उत्पादन अधिक प्राप्त होता है। यह किस्म लाल सड़न रोग और स्मट रोग के प्रति मध्यम रोगरोधी मानी जाती है तथा इसकी सूखी पत्तियाँ आसानी से निकल जाती हैं। उन्होंने कहा कि



शारदकालीन बुवाई के लिए किस्मों का चयन सोच-समझकर करना आवश्यक है, क्योंकि गलत किस्म चुनने से किसान को पूरे साल नुकसान उठाना पड़ सकता है।
उन्होंने कोशा-18231, कोलख-14201, कोशा-17231, कोलख-16202, कोलख-94184 और कोशा-08272 को उपयुक्त किस्में बताया।
पीलीभीत जिले के किसान कोलख-14201 किस्म को सर्वाधिक पसंद कर रहे हैं क्योंकि यह 10 से 11 माह में तैयार हो जाती है और इसमें 10.5 से 11.5 प्रतिशत तक चीनी प्रतिशत पाया जाता है। यह किस्म लंबी, मोटी और समान गांठों वाली होती है तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में भी अच्छी पैदावार देती है। गन्ना अधिकारी ने किसानों को सलाह दी कि पौधशाला से बीज लेते समय यह सुनिश्चित करें कि पौध स्वस्थ है और किसी कीट या रोग से प्रभावित नहीं है।
बुवाई के लिए 8 से 10 माह पुराने गन्ने के ऊपरी आधे भाग का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर बुवाई के लिए लगभग 15 से 20 क्विंटल बीज की आवश्यकता होती है। किसान गन्ना विकास परिषद पीलीभीत, मझोला, बरखेड़ा, पूरनपुर और बीसलपुर के महिला स्वयं सहायता समूहों से भी पौध प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अपने सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक या ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क करने की सलाह दी गई।

# विंध्याचल से लौट रहे पति-पत्नी समेत 3 की मौत

**जौनपुर में खड़े ट्रक में घुसी बोलेरो, कार का शीशा तोड़ते हुए महिला 8 फीट दूर गिरी**



**जौनपुर।** यूपी में विंध्याचल के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो जौनपुर में खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। टक्कर के बाद इतनी तेज धमाका हुआ कि लोग सहम गए। हादसे में बोलेरो की ऊपर की आधी बॉडी बुरी तरह पिचक गई। इससे गाड़ी में बैठे 6 लोग अंदर ही दब गए। इस हादसे में पति-पत्नी समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 3 घायलों को BHU रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो की स्पीड 100 किलोमीटर से ज्यादा थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक महिला कार का शीशा तोड़ते हुए करीब 8 फीट दूर जा गिरी। कार सवार सभी लोग अंबेडकरनगर के रहने वाले थे। सभी मिर्जापुर के विंध्याचल धाम से मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर लौट रहे थे।
हादसा मिर्जापुर-जौनपुर स्टेट हाईवे पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने हुआ। पेट्रोल पंप के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायलों को कार से निकाला। पुलिस की मदद से भदोही के एक नर्सिंग होम भिजवाया। मामला जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर रामपुर थाना क्षेत्र का है।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया ।

## लखनऊ के सरकारी अस्पताल में प्रसूता को चढ़ाया एक्सपायर ग्लूकोज

**लखनऊ।** लखनऊ के सरकारी अस्पताल में प्रसूता को एक्सपायर ग्लूकोज चढ़ा दिया। इसके बाद प्रसूता की तबीयत बिगड़ गई। उसे बड़े अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। चढ़ रहे ग्लूकोज की डेट देखने के बाद परिवारजन भड़क उठे। उन्होंने तुरंत नर्स को रोक लिया। उसका वीडियो बनाते हुए नाम पूछने लगे। साथ ही अस्पताल में पुलिस बुला ली। पूरा मामला काकोरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। पुलिस की मौजूदगी में प्रसूता के परिवारजनों ने नर्स का वीडियो बनाया। वह पूरे टाइम लोगों से माफी मांगती रही। वीडियो में नर्स यह भी कह रही है कि महिला की बीपी नॉर्मल आई है सर। गलती हो गई। अस्पताल प्रभारी ने दोषी नर्स पर कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक काकोरी CHC में एक गर्भवती महिला सीएचसी काकोरी में भर्ती थी। शनिवार को महिला की सर्जरी हुई।

# दो सगे भाइयों में खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अंबेडकरनगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के मानिकपुर ग्राम सभा अंतर्गत धर्मपुर गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने पेंच कस से अपने ही गांव के निवासी राकेश सिंह पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया।गनीमत रही कि राकेश सिंह बाल-बाल बच गए।थाना क्षेत्र के निवासी विकास सिंह उर्फ राकेश सिंह पुत्र स्वर्गीय भागीरथी सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 25 अक्तूबर की शाम लगभग 3: 30 बजे जब वे घर पर मौजूद नहीं थे,तभी उनके बड़े भाई विवेक सिंह उर्फ विक्रांत सिंह,जो अलग रहते हैं,ट्रैक्टर लेकर आए और जबरन उनका कल्टीवेटर ले जाने लगे। पत्नी प्रियंका द्वारा मना करने पर विवेक सिंह ने ट्रैक्टर का पहिया उसके पैर पर चढ़ा दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।
पीड़ित के अनुसार,26 अक्तूबर की सुबह करीब 8: 30 बजे जब वे



जेसीबी मशीन लेकर सेहरा जलालपुर जा रहे थे,तो रामनगरकर्री के पास टावर के समीप विवेक सिंह उर्फ विक्रांत सिंह ने पीछे से आकर मोटरसाइकिल को जेसीबी के आगे लगाकर रोक लिया। जब राकेश सिंह ने कारण पूछा तो उसने गाली देते हुए पेंचकस से सिर,कान,पीठ और हाथ में कई जगह वार किए,जिससे वह घायल हो गए।प्रतिरोध करने पर विवेक उर्फ विक्रांत ने अवैध असलहा निकाल लिया और गोली चलाने की कोशिश की,परंतु गोली मिस हो गई।इसके बाद उसने अपने चार-पांच साथियों को बुलाकर राकेश सिंह का पीछा किया और जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और किसी तरह राकेश सिंह की जान बची।
सूचना पाकर महरुआ पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी विवेक सिंह उर्फ विक्रांत सिंह को मौके से हिरासत में लेकर उसके पास से दो अवैध असलहा बरामद किया।थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है।

# बुजुर्ग महिला हत्याकांड का तीसरा आरोपी जेल रवाना

विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** भीटी थाना क्षेत्र में धान काटने गई 65 वर्षीय महिला की नृशंष तरीके से हत्या कर दी गई थी,और उसकी लाश को बोरी में भरकर पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास में फेंक दिया गया था।
जिसमें भीटी पुलिस और सर्विलांस पुलिस,स्वाट पुलिस ने कड़ी मशक्कत करते हुए घटना के पांचवें दिन लाशबरामद किया था।जानकारी के मुताबिक बीते 17 अक्टूबर को रामरती उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय



रामजियावन निषाद की धान काटने जाने पर खेत में हत्या कर दी गई थी,जिसमें मृतका के भांजे रंजीत पुत्र रामखेलावन के द्वारा भीटी थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र लापता होने के संबंध में दिया गया था, बाद में पुलिस की जांच में हत्या और लाश बरामद की गई थी जिसमें गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था,उक्त घटना में तीन व्यक्तियों का नाम प्रकाश में आया था जिसमें देवर रामदयाल और भतीजा बृजलाल पुत्र रामदयाल को भीटी पुलिस ने जेल रवाना कर दिया था।उक्त घटना में फरार चल रहे शातिर आरोपी जूजू उर्फ राम मनोरथ पुत्र भग्गल निवासी बदलपुर थाना अकबरपुर कोतवाली को भीटी पुलिस ने हिरासत में लेकर बड़ी सफलता प्राप्त की है।प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडेय ने बताया कि तीनों आरोपियों ने मिलकर वृद्ध महिला की भयानक तरीके से हत्या की थी
,और लाश को बोरी में भरकर दूसरे जनपद में ले जाकर छुपा दिया था। गिरफ्तार करता टीम में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे उप निरीक्षक पंकज कुमार हेड कांस्टेबल महमूद अहमद कॉन्स्टेबल विनय यादव कांस्टेबल नवनीत प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।
यह कार्रवाई जनपद में महिला अपराधों के प्रति चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत की गई।
यह कार्रवाई चुनार थाना क्षेत्र की एक महिला की शिकायत पर की गई। महिला ने 25 अक्टूबर को अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के प्रलोभन के संबंध में नामजद आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चुनार थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी।
उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार यादव और उप निरीक्षक अभयराज पाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी आमिन मोहम्मद को गिरफ्तार किया।
आमिन मोहम्मद रहमान फारूखी का पुत्र है और चुनार के साहब राम गोला का निवासी है।

## पिता ने बेटियों से रेप किया, बेटे ने मार डाला

मथुरा। मथुरा में पिता अपनी नाबालिग बेटियों पर बुरी नजर रखता था। दिवाली पर उसने बेटियों के साथ रेप किया। रविवार दोपहर बेटे और भतीजे ने विरोध किया तो पिता से विवाद हो गया। इस पर बेटे ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर पिता पर तलवार से हमला कर दिया। उसके बाद तमंचे से गोली मार दी। बेटे का आरोप है कि पिता अपनी ही सगी बेटियों से अश्लील हरकत करता था। बलात्कार भी किया था। इसलिए मैंने पिता की हत्या की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल तलवार और तमंचा बरामद किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। यह मामला कोसी थाना क्षेत्र के गोपालबाग का है। राजस्थान के डीग का रहने वाला पवन पुत्र रामला (40) नशे का आदी था और लूटपाट करता था। पवन से विवाद के बाद उसकी बेटी और बेटा अपने कोसी थाना के गोपालबाग चौकी क्षेत्र में इस्लामपुर रोड पर अपने एक रिश्तेदार के मकान में रहने आ गए थे। उसकी पत्नी की 2014 में मौत हो चुकी है। उसके दो नाबालिग बेटियां 14 व 13 वर्ष की व 15 वर्ष का एक बेटा है। वह अपनी बेटियों पर बुरी नजर रखता था। पिछले छह महीने में कई बार अश्लीलता कर चुका था। नशे में की गई उसकी हरकत पर अक्सर घर में विवाद होता था। पिछले दिनों दिवाली पर भी उसने बेटियों के साथ गंदी हरकत की। इस पर बेटे-बेटियों ने घर छोड़ दिया। दोनों बेटियां अपने भाई के साथ अपनी बुआ के यहां कोसी आ गई। दिवाली से अब तक दोनों बहनें और भाई अपनी बुआ के यहां ही रह रहे हैं।

# एसपी ने की मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षा बैठक

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी । सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी ।मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान की कार्यवाही की समीक्षा कर ,अभियान के तहत निर्धारित SOP के अनुसार ज्यादा से ज्यादा प्रभावी कार्यवाही करने हेतु



निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति से सम्बन्धित अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में तैयार करने व सभी प्रविष्टियों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया । मिशन शक्ति शिकायत पेटिका से प्राप्त शिकायतों का सम्बन्धित अभिलेख में रजिस्टर्ड करने तथा उन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।मिशन शक्ति अभियान के तहत चिन्हित हॉट-स्पॉट पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है ।जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित/ वारन्टी / टॉप टेन/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, ॥स्र की सतत् निगरानी व अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये । किसी भी दशा में अवैध शराब /अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो ।
जनपद के अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में सभी प्रकार के अपराधों में संलिप्त माफियाओं को चिन्हित करने तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।
गुमशुदा बालक/बालकाओं की शीघ्र बरामदगी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया । आगामी पंचायतचुनाव के दृष्टिगत पूर्व के अभियोगो में की गयी वैधानिक कार्यवाही की समीक्षा कर सम्बन्धित आरोपी/अभियुक्तगण के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# सहारनपुर : गैस रिसाव से फैक्ट्री में ब्लास्ट, 2 की मौत

सहारनपुर। सहारनपुर में रविवार को औद्योगिक क्षेत्र में टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में 7 मजदूर झुलस गए। 2 मजदूरों ने दम तोड़ दिया, जबकि 5 की हालत गंभीर है।
रविवार शाम करीब 6 बजे बी एंड एन पायरोलाइसिस इंडस्ट्रीज नाम की फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। देखते ही देखते आग पूरी फैक्ट्री में फैल गई। कई मीटर ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठने लगा।
सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।
आग में झुलसने वालों में फैक्ट्री के मालिक ब्रजेश प्रजापति और मैनेजर भी शामिल हैं। उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अन्य की शिनाख्त में लगी है।
ऐसा कहा जा रहा है कि फैक्ट्री में बॉयलर नहीं फटा है। दो पाइपों को वेल्डिंग करके जोड़ा जा रहा था, तभी गैस रिसाव हुआ और आग लग गई। हादसा सहारनपुर के शेखपुरा कदीम इलाके में हुआ।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

स्थानीय प्रशासन और पुलिस घटना की जांच कर रही है। फैक्ट्री परिसर को सील कर दिया गया है। सुरक्षा मानकों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस हादसे ने इलाके में औद्योगिक सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। 5 लोगों को बचाया गया है। गंभीर रूप से झुलसे दो लोगों ने दम तोड़ दिया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को मुआवजे दिलाने का आश्वासन दिया है।

## सीएमओ ने 7 स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन रोका

भदोही (संत रविदास नगर)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सात स्वास्थ्य कर्मियों का सात दिन का वेतन रोक दिया गया है। उपकेंद्र उचेठा के निरीक्षण में सीएचओ आरुषि देवी मुख्यालय पर अनुपस्थित पाई गईं और न ही वे वहां निवास कर ड्यूटी कर रही थीं। केंद्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था भी असंतोषजनक थी। सीएमओ ने आरुषि देवी का अक्टूबर माह का सात दिन का वेतन अगले आदेश तक बाधित कर दिया। उपकेंद्र अवसानपुर में एएनएम बबीता देवी भी मुख्यालय पर निवास नहीं कर रही थीं। यहां भी साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली। चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि जब तक एएनएम मुख्यालय पर रहकर प्रसव कार्य नहीं करतीं, तब तक उनका अक्टूबर 2025 का सात दिन का वेतन बाधित रहेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ममहर के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित मिले।

# शार्ट न्यूज

## कार और बाइक की टक्कर, एक की हालत मरणासन्न : बांसी के पास दो युवक घायल

**ललितपुर।** तालबेहट तहसील क्षेत्र अंतर्गत बांसी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत मरणासन्न बताई गई, जिसे गंभीर स्थिति को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, छिपाई निवासी अजय (लगभग 25 वर्ष) पुत्र अजुद्दी अपनी बाइक (यूपी 94एक्स 2387) से घर जा रहा था। तभी बांसी के पास एक टाटा नेक्सॉन कार (यूपी 94 एए 5184) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति छिपाई निवासी राजू (लगभग 35 वर्ष) पुत्र आशाराम था। दोनों घायलों को रविवार शाम करीब 7:30 बजे एंबुलेंस की मदद से तालबेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। घायल अजय के रिश्तेदार मुकेश ने बताया कि अजय अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई।

## प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला

बहराइच। बहराइच में अफेयर का विरोध करने पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पत्नी ने पहले सोते समय पति का दुपट्टे से गला घोंटा। इसके बाद लाश बाहर टीन शेड में ले गई और चाकू से गला रेत दिया। पुलिस को कहानी बताई कि प्रॉपर्टी के झगड़े में किसी ने पति की हत्या कर दी। लेकिन, पुलिस को पत्नी की कहानी पर विश्वास नहीं हुआ। पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महिला का प्रेमी उससे 8 साल छोटा है। मामला खैरीघाट थाना क्षेत्र का है। गांव अलीनगर कला में शाकिर अली के बेटे जाकिर अली (35) की 10 साल पहले शादी हुई थी। परिवार में पत्नी हसीना (32) के अलावा 6 बच्चे हैं। इनमें 4 बेटे और 2 बेटियां हैं। शनिवार सुबह जाकिर का घर के बरामदे में टीन शेड के नीचे गला कटा शव मिला था। पत्नी ने ही शोर मचाकर लोगों और परिवार वालों को इकट्ठा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## 9 साल की बच्ची से छेड़छाड़

मिर्जापुर। मिर्जापुर पुलिस ने 9 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ के आरोप में 55 वर्षीय एक टेलर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कटरा कोतवाली क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस ने सूचना मिलने के बाद त्वरित तत्परता दिखाई। जानकारी के अनुसार, 26 अक्टूबर 2025 को थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र में पुलिस को एक सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने लगभग 9 वर्ष की बच्ची के साथ अनुचित व्यवहार किया है। आरोपी, जो 55 वर्षीय टेलर है, पिछले करीब 15 वर्षों से बल्ली का अड्डा में अपनी दुकान चला रहा था। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कोतवाली कटरा वैद्यनाथ अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच के दौरान शिकायत को सही पाया। इसके बाद, पीड़ित परिवार से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया।

## मेरठ में गुर्जर समाज की पंचायत

**मेरठ।** मेरठ के लोहियानगर क्षेत्र के काजीपुर गांव में रविवार को गुर्जर समाज की पंचायत हुई। यह पंचायत ऊर्जामंत्री का नाम लेकर व्यापारी से नाक रगड़वाने के आरोप में जेल भेजे गए तीन युवकों हैप्पी भड़ाना, सुबोध यादव और आयुष शर्मा की गिरफ्तारी के विरोध में बुलाई गई थी। समाज ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए तीनों की तत्काल रिहाई की मांग की। पंचायत में पवन गुर्जर ने प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में मुकदमों से गंभीर धाराएं हटाकर युवकों को रिहा नहीं किया गया, तो गुर्जर समाज सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो पूरे देश के गुर्जर समाज को जोड़कर कश्मीर से कन्याकुमारी तक आंदोलन छेड़ा जाएगा। समाज ने कैंट विधायक अमित अग्रवाल पर भी गंभीर आरोप लगाए कि वह अब गुर्जर समाज की अनदेखी कर रहे हैं। पंचायत में समाज के नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, जबकि कुछ लोग ज्ञापन सौंपकर पंचायत समाप्त करने के पक्ष में थे और कुछ इसे जारी रखने पर अड़े रहे।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी गिरफ्तार

**रामपुर।** रामपुर में एक महिला को अपने पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ मिलकर पति विजेंद्र सिंह का गला दबाकर हत्या कर दी थी। यह घटना 17 अक्टूबर की रात बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के मुंडिया खुर्द गांव में हुई थी। मृतक विजेंद्र सिंह के छोटे भाई जोगिंद्र सिंह ने बीते शनिवार को अपनी भाभी सरवती और उसकी दो बेटियों राजबाला व जलधारा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार को चकफेरी मोड़ तिराहे के पास से आरोपी पत्नी सरवती को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए कपड़े के दो टुकड़े और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, घटना की रात विजेंद्र सिंह का अपनी पत्नी और बेटियों से झगड़ा हुआ था। झगड़े की जानकारी मिलने पर मृतक के भाई और गांव के प्रधान ने उनके घर जाकर मामला शांत कराया था, जिसके बाद वे अपने-अपने घर लौट गए थे। इसके बाद रात में ही आरोपी मां-बेटियों ने विजेंद्र के हाथ-पैर कपड़े से बांधकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## अवैध शस्त्रों की खरीद-फरोख्त, सात गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में ककरौली पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन हथियार सप्लायर और चार खरीदार शामिल हैं। इस कार्रवाई के साथ, पुलिस ने पिछले दो महीनों में 132 से अधिक अवैध शस्त्रों की बरामदगी का आंकड़ा पार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में ककरौली पुलिस को यह सफलता मिली। एसएसपी वर्मा ने मीडिया को बताया कि जनपद पुलिस अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोहों के नेटवर्क को तोड़ने में लगातार जुटी है। ककरौली पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ सप्लायर अवैध हथियारों की डिलीवरी देने आ रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपियों को ललकारा, जिस पर एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर सातों आरोपियों को मौके से पकड़ लिया।

## मजदूर ने ऑनलाइन सट्टे में 44000 जीते

**संभल।** संभल में एक मजदूर को ऑनलाइन सट्टे में 44,000 रुपए जीतने के बाद रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी मिली है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने रुपए दिलवाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला संभल जिले की गुन्नौर तहसील के धनारी थाना क्षेत्र के गांव पीपलवाड़ा और खलीलपुर से संबंधित है। पीपलवाड़ा निवासी रवि (पुत्र प्रेमपाल), जो मजदूरी करता है, ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी गांव खलीलपुर के नितिन (पुत्र वेदपाल) ने उसे ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए प्रेरित किया। रवि ने 15 अगस्त 2025 को 2,330 रुपये का ऑनलाइन सट्टा लगाया था। यह पूरी प्रक्रिया व्हाट्सएप ग्रुप और व्यक्तिगत नंबर के माध्यम से हुई थी। रवि के अनुसार, उसने जिस गेम का चयन किया था, उसमें वह 44,000 रुपये जीत गया। रवि द्वारा रुपये मांगने पर नितिन और उसके साथियों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। पीड़ित के बयान के अनुसार, 15 अक्टूबर 2025 को जब रवि ने दोबारा रुपयों की मांग की, तो नितिन ने उसे जान से मारने की धमकी दी। नितिन ने कथित तौर पर कहा, अगर अब बकवास की तो तुझे जान से मार दूंगा। रवि ने पुलिस को बताया कि वह रेलवे साइट पर लोहे के पिलर में मसाला भरने का काम करता है और वर्तमान में कानपुर में कार्यरत है। दीपावली पर घर आने के दौरान उसने नितिन से अपने जीते हुए रुपये मांगे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरी अफगानिस्तान में दो हथियारबंद लुटेरे मारे गए, चार एके-47 जब्त

**काबुल, एजेंसी।** अफगान पुलिस ने उत्तरी बल्ख प्रांत में एक मुठभेड़ के दौरान दो हथियारबंद लुटेरों को मार गिराया और चार एके-47 राइफलें जब्त कीं। प्रांतीय पुलिस कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह घटना गुरुवार देर रात चाहि जिले में हुई, जहां लुटेरों ने एक यात्री वाहन पर घात लगाकर हमला किया और उसमें सवार यात्रियों का सारा सामान लूट लिया। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार पीड़ितों ने तुरंत अपराध की सूचना दी, जिससे पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिली। जब पुलिस ने संदिग्धों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो लुटेरों ने विरोध किया, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी हुई, जिसमें दोनों हमलावर मारे गए। उनके सामान की तलाशी में चार कलाश्निकोव असॉल्ट राइफलें मिलीं, जिनमें से दो लुटेरों की थीं और दो पहले सुरक्षा बलों से चुराई गई थीं। इसी से जुड़ी एक घटना में पुलिस ने बुधवार को पड़ोसी सारी पुल प्रांत में हुई मुठभेड़ में एक और हथियारबंद लुटेरे को मार गिराया। किसी और के हताहत होने की खबर नहीं है और जांच जारी है। 6 अक्टूबर को प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुल्ला एजातुल्लाह हक्कानी ने कहा कि पुलिस ने पिछले पांच महीनों में दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में कई अभियानों के दौरान लगभग 400 फायर आर्म्स और सैन्य उपकरण बरामद किए और जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि प्रांतीय राजधानी लश्कर गाह और आसपास के जिलों से जब्त किए गए हथियारों में 41 कलाश्निकोव राइफलें, 188 पिस्तौलें, एक आरपीजी-7 राइफल, दो एम16 राइफलें, 170 से ज्यादा अन्य प्रकार के हथियार और हजारों गोलियां व प्रोजेक्टाइल शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रखने और ले जाने के आरोप में 75 लोगों को हिरासत में भी लिया है। अफगानिस्तान में व्यावहारिक शांति सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत, अफगान सरकार के सुरक्षा अंगों ने चार साल से भी ज्यादा समय पहले सत्ता संभालने के बाद से युद्धक टैंकों सहित हजारों हथियार और गोला-बारूद इकट्ठा किए हैं।

### नेपाल के करनाली प्रांत में खाई में गिरी जीप, आठ की मौत, 10 घायल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के करनाली प्रांत में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां रुकुम पश्चिम जिले के झरमारे इलाके में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, 10 अन्य लोग घायल बताए गए हैं। बताया गया है कि 18 लोगों को ले जा रही जीप पहाड़ी इलाके में सड़क से नीचे 700 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा काठमांडू से 500 किलोमीटर दूर, झरमारे में तब हुआ जब जीप मुसीकोट के खलांगा से अथबिस्कोट के स्यालीड़ी जा रही थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि सात लोगों की हादसे के बाद मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। पीड़ितों की उम्र 15 से 30 वर्ष के बीच थी। बाकी 10 घायलों का इलाज रुकुम जिले के अस्पताल में कराया जा रहा है।

### चुनाव की तारीखों का जल्द हो सकता है एलान, निर्वासित बीएनपी नेता तारिक रहमान जल्द लौटेंगे स्वदेश

**ढाका, एजेंसी।** निर्वासित और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के शीर्ष नेता तारिक रहमान जल्द ही बांग्लादेश लौट सकते हैं। बीएनपी के शीर्ष नेता डॉ. खांडेकर मोशर्रफ हुसैन ने यह दावा किया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद चुनाव आयोग ने शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया है, जिसके बाद माना जा रहा है कि अवामी लीग आगामी चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। बीएनपी की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. खांडेकर मोशर्रफ हुसैन ने कहा कि %हां, हमने सुना है कि वे (तारिक रहमान) जल्द लौटेंगे और ये उन्होंने खुद कहा है। चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। हम सभी चुनाव का शेड्यूल घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वे आएं और चुनाव में हिस्सा लें। हम उम्मीद कर रहे हैं कि तारिक रहमान जल्द ही बांग्लादेश लौटेंगे। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या तारिक रहमान चुनाव तारीखों का एलान होने के बाद बांग्लादेश लौटेंगे या उससे पहले? तो डॉ. खांडेकर ने कहा कि %वे जल्द ही बांग्लादेश लौट सकते हैं, लेकिन मैं उनके लौटने का सही समय नहीं बता सकता। बांग्लादेश के मौजूदा हालात में बीएनपी देश की सबसे बड़ी पार्टी है और अगर सब कुछ सही रहा तो आगामी आम चुनाव में बीएनपी की जीत की संभावना सबसे ज्यादा है। बीएनपी के नेता होने के नाते तारिक रहमान बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान, शेख हसीना की सरकार के समय कई मामलों में आरोपी थे और बांग्लादेश से बाहर निर्वासित जीवन जी रहे थे। जैसे ही शेख हसीना की सरकार सत्ता से बाहर हुई, वैसे ही तारिक रहमान को उनके खिलाफ दर्ज मामलों में राहत मिल गई।

# नेजुएला पर हमला कर सकता है अमेरिका : ड्रग ठिकानों को निशाना बनाना चाहते हैं ट्रम्प, जहाजी बेड़ा रवाना किया

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प वेनेजुएला के भीतर ड्रग ठिकानों और उनके तस्करी रूट्स पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि अभी इस पर आखिरी फैसला नहीं लिया गया। यह जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने व्हाइट हाउस के 3 अधिकारियों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला में संभावित हमले के लिए जगहों को लेकर बातचीत बढ़ाई है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अमेरिकी नौसेना के सबसे उन्नत एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप जेराल्ड आर फोर्ड को यूरोप से कैरिबियाई क्षेत्र में भेजने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ट्रम्प ने सीआईए को वेनेजुएला में गुप्त ऑपरेशन्स करने की अनुमति भी दी है। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा है कि वेनेजुएला के साथ कूटनीतिक बातचीत का विकल्प भी खुला है ताकि अमेरिका में ड्रग्स की आवाजाही को रोका जा सके। वेनेजुएला ने भी 5000 मिसाइल तैनात की वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5,000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा- हमारे पास 5,000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी। ये



मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है।

**अमेरिका ने कई बार वेनेजुएला की बोट्स पर हमला किया :** अमेरिकी सेना लगातार इंटरनेशनल वॉटर्स में ड्रग्स ले जा रहे जहाजों पर हमले कर रही है। हाल ही में कैरिबियाई क्षेत्र में एक ड्रग तस्करी जहाज पर हमला किया गया, जिसमें छह लोगों की मौत हुई। पिछले महीने से अब तक ऐसे हमलों में कुल 43 लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमेरिका ने ड्रग्स के खिलाफ ऑपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है।

**मादुरो पर 420 करोड़ रुपए का इनाम :** अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

**मदुरो पर 2020 में नार्को टेररिज्म के आरोप लगे थे :** मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।

**अमेरिका ने वेनेजुएला पर कई प्रतिबंध लगाए हैं :** वेनेजुएला और अमेरिका के बीच कई दशकों से राजनीतिक मतभेद रहे हैं। वेनेजुएला, अमेरिकी की पूंजीवादी और विदेश नीतियों को लेकर आलोचना करता है, तो वहीं अमेरिका, वेनेजुएला में मानवाधिकार के उल्लंघन पर नाराजगी जताता रहा है। लगभग 100 साल पहले वेनेजुएला में तेल भंडारों की खोज हुई थी। तेल की खोज होने के 20 साल बाद ही वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में से एक बन गया। उसे लैटिन अमेरिका का सऊदी अरब कहा जाने लगा। 1950 के दशक में वेनेजुएला दुनिया का चौथा सबसे धनी देश था, लेकिन आज इस देश की हालत खराब हो चुकी है। देश की 75 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। [illegible] के मुताबिक पिछले 7 साल में करीब 75 लाख लोग देश छोड़कर चले गए हैं। दरअसल, वेनेजुएला लगभग पूरी तरह से तेल पर निर्भर था।

## तुम्हारे दादा भी तो भारत से अमेरिका आए थे, ट्रंप का समर्थन कर फंसे निक्की हेली के बेटे





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की रिपब्लिकन नेता निक्की हेली के बेटे नलिन हेली और ब्रिटिश-अमेरिकन पत्रकार मेहदी हसन के बीच माइग्रेशन को लेकर बहस छिड़ गई। नलिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके डोनाल्ड ट्रंप की माइग्रेशन और वीजा नियमों को लेकर सख्ती का समर्थन किया था और कहा था कि अमेरिका में ही पर्याप्त लोग हैं। वहीं एआई की वजह से भी जॉब मार्केट तंग चल रहा है। ऐसे में कोई किसी भी देश का रहने वाला हो, उसे अमेरिका आने की जरूरत नहीं है। इसपर पत्रकार मेहदी हसन ने कहा कि 1969 में तुम्हारे दादा भी भारत के पंजाब से ही अमेरिका आए थे। नलिन कोहली ने कहा कि विदेशियों को एच-1बी वीजा देना ही नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को विदेशियों की नौकरी को लेकर और सख्त नियम बनाने चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे फर्क नहीं पड़ता की तुम किस देश के रहने वाले हो। चाहे कनाडा के ही नागरिक हो। हमें माइग्रेशन पर विराम लगाना है। हमारे पास बहुत सारे लोग है। कंपनियां पहले से ही हायरिंग नहीं कर रही हैं और इस तंग मार्केट में विदेशी अमेरिकियों की नौकरी ले लेते हैं। बता दें कि निक्की हेली इस समय साउथ कैरोलिना की गवर्नर हैं और नलिन उनके छोटे बेटे हैं। मीडिया कंपनी के संस्थापक हसन ने कहा कि नलिन के दादा अजित सिंह रंधावा 1969 में भारत से अमेरिका आए। उन्होंने बायॉलजी में मास्टर्सि का और फिर ब्रिटिश कोलंबिया कनाडा से पीएचडी की। 1969 में वह साउथ कैरोलिना चले गए और वहीं पढ़ाने लगे। वहीं मेहदी हसन का भी ताल्लुक भारत से ही है। उनके मां-बाप हैदराबाद से यूके गए थे। मेहदी हसन को जवाब देते हुए नलिन ने कहा, यह 1969 नहीं है। तुम लोगों को अमेरिका से बस शिकायतें ही रहती हैं। सोशल मीडिया पर लोग नलिन की आलोचना कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, जिन लोगों ने तुम्हारे दादा को परेशान किया आज तुम उनके ही साथ खड़े हो। तुम्हें कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा एक अन्य यूजर ने कहा, अगर यही नीति पहले ही लागू होती तो तुम्हारा परिवार जीवित ही नहीं रहता बच्चे। बता दें कि नलिन हेली निक्की हेली और उनके पति माइकल हेली के छोटे बेटे हैं।

## वैज्ञानिकों ने खोला नया रहस्य, आर्गेनिक और प्राकृतिक आहार 25 फीसदी तक बढ़ाते हैं गर्भधारण की संभावना

**हार्वर्ड , एजेंसी।** मानव विकास की कहानी केवल बुद्धि और तकनीक की नहीं बल्कि ऊर्जा, ताकत और प्राकृतिक सामंजस्य की भी है। खासकर तब, जब बात प्रजनन की आती है। नवीनतम मानवविज्ञान और जैविक अनुसंधान यह संकेत दे रहे हैं कि शिकारी मैदानों (हंटर फील्ड्स) में मनुष्य की शारीरिक क्षमता, ऊर्जा व्यय और ताकत, गर्भधारण की संभावना व चयन के मनोवैज्ञानिक तंत्र को गहराई से प्रभावित करती रही है। अब आधुनिक अनुसंधान यह भी जोड़ता है कि शरीर सौष्ठव, ऑर्गेनिक और प्राकृतिक भोजन पद्धति उसी जैविक लय की आधुनिक अभिव्यक्ति है। यानी जब शरीर अपनी ऊर्जा को कृत्रिम रसायनों से मुक्त रखता है, तब प्रजनन संकेत और हार्मोनल संतुलन अधिक स्वाभाविक रूप से सक्रिय होते हैं। यह भी पाया गया कि जिन महिलाओं ने आर्गेनिक और प्राकृतिक भोजन लिया उनमें गर्भधारण की संभावना 18 से 25 फीसदी बढ़ गई। अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी डिपार्टमेंट और यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के रीप्रोडक्टिव इकोलॉजी सेंटर द्वारा प्रकाशित संयुक्त अध्ययन नेचर हुमन बिहेवियर 2025 के अनुसार मानव समाज के आरंभिक हंटर-गैदरर युग में ऊर्जा व्यय और शारीरिक शक्ति का सीधा संबंध गर्भधारण की दर से पाया गया है। शोध में यह पाया गया कि जिन महिलाओं का शरीर ऊर्जा-संतुलन में था यानी न तो अत्यधिक वसा, न अत्यधिक परिश्रम उनमें अंडोत्सर्जन (ओव्यूलेशन) की संभावना अधिक थी। वहीं पुरुषों में उच्च सहनशक्ति, मजबूत हड्डी घनत्व और लंबे शिकार अभियानों से लौटने के बाद हार्मोनल स्तर में वृद्धि गर्भधारण के अवसर बढ़ाती थी। ऑर्गेनिक और प्राकृतिक भोजन लेने वाली माताओं से जन्मे बच्चों में इम्यून सिस्टम (प्रतिरोधक क्षमता) सामान्य तौर पर बेहद मजबूत पाया गया है। स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट और यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के संयुक्त अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि ऐसी माताओं के बच्चों में जन्म के बाद संक्रमण, एलर्जी और अस्थमा जैसी स्थितियां औसतन 40 से 45 प्रतिशत कम देखी गईं। हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अध्ययन में पाया गया।

# एक साल में 158000 घट गई पोलैंड की आबादी, आने वाला है बहुत बड़ा संकट?

**वारसॉ, एजेंसी।** कल्पना कीजिए, एक ऐसा देश जहां हर साल लाखों लोग कम हो रहे हों। जहां बच्चे पैदा होने की संख्या मौतों से कहीं कम हो। जहां युवा नौकरी और बेहतर जिंदगी की तलाश में दूसरे देश चले जाते हों। यही हकीकत है यूरोपीय देश पोलैंड की। हाल ही में पोलैंड के सरकारी सांख्यिकी कार्यालय (त्रस) ने एक चौंकाने वाला आंकड़ा जारी किया है। इसके मुताबिक, पिछले एक साल में देश की आबादी 1,58,000 लोगों से घटकर अब लगभग 37.38 मिलियन रह गई है। यह गिरावट न सिर्फ आंकड़ों की बात है, बल्कि एक पूरे समाज की चिंता का विषय है।

**घटती आबादी का मतलब क्या है :** सबसे पहले, आबादी घटने का मतलब समझिए। जनसंख्या को मापने का सीधा फॉर्मूला है। आबादी = जन्म + अप्रवासन (नए लोग आना) - मौतें - प्रवासन (लोगों का जाना)। पोलैंड में जन्म कम हो रहे हैं, मौतें ज्यादा, युवा बाहर जा रहे हैं, और नए लोग उतने नहीं आ रहे जितने चाहिए। त्रस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश की जनसंख्या में पिछले एक साल में 1,58,000 की कमी आई है, जो एक गहराते डेमोग्राफिक संकट की ओर इशारा करती है। सितंबर 2025 के अंत तक पोलैंड की जनसंख्या 37.38 मिलियन थी, जो पिछले साल की तुलना में 1,58,000 और 2024 के अंत की तुलना में लगभग 1,13,000 कम है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 की पहली तीन तिमाहियों में जनसंख्या में 0.30% की कमी आई, यानी हर 10,000 निवासियों पर देश ने 30 लोगों को खोया, जो पिछले साल के 27 प्रति 10,000 की तुलना में अधिक है। यह गिरावट कम जन्म दर और अन्य कारकों के कारण लंबे समय से चली आ रही जनसंख्या घटने की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

**जन्म दर में कमी, ऐतिहासिक निचले स्तर पर :** रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से सितंबर 2025 के बीच लगभग 1,81,000 बच्चों के जन्म दर्ज किए गए, जो 2024 की समान अवधि की तुलना में लगभग 11,000 कम है। इस दौरान जन्म दर 6.5% तक गिर गई, जो पिछले साल की तुलना में 0.3 प्रतिशत अंक कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आंकड़ा पोलैंड के इतिहास में जन्म दर के सबसे निचले स्तरों में से एक है।

**कम प्रजनन दर, यूरोप में सबसे निचला स्तर :** पिछले साल पोलैंड की कुल प्रजनन दर, यानी एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में औसतन जन्म दिए गए बच्चों की संख्या, 1.11 तक गिर गई, जो यूरोपीय संघ में सबसे कम और विकसित देशों में भी सबसे निचले स्तरों में से एक है। पोलैंड में महिलाएं औसतन 1.11 बच्चे पैदा कर रही हैं। जबकि जनसंख्या स्थिर रखने के लिए कम से कम 2.1 बच्चे चाहिए। क्यों? क्योंकि युवा लोग शादी टाल रहे हैं, बच्चे पैदा करने से डर रहे हैं। महंगाई, नौकरी की असुरक्षा, और महामारी ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया। 2024 में पहली बार मां बनने की औसत उम्र 29.1 साल हो गई जो 1990 में यह 22.7 थी। बच्चे पैदा करने लायक उम्र की महिलाएं खुद कम हो रही हैं, क्योंकि 30 साल पहले जन्म कम हुए थे। यह आंकड़ा पोलैंड के सामने खड़े जनसांख्यिकीय संकट की गंभीरता को रेखांकित करता है।

# पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंप दिए थे परमाणु हथियार: खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर बोले- हमने मुशर्रफ को खरीद लिया था

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अमेरिका को सौंप दिया था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अफसर जॉन किरियाकू ने शुक्रवार को यह दावा किया है। किरियाकू ने कहा कि अमेरिका ने मुशर्रफ को लाखों डॉलर की मदद के जरिए खरीद लिया था। उनके शासनकाल में अमेरिका को पाकिस्तान की सुरक्षा और सैन्य गतिविधियों तक लगभग पूरी पहुंच थी। उन्होंने कहा, हमने लाखों डॉलर की सैन्य और आर्थिक मदद दी। बदले में मुशर्रफ ने हमें सब कुछ करने दिया।

किरियाकू ने यह बयान न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मुशर्रफ ने दोहरे खेल खेले। उन्होंने एक तरफ अमेरिका के साथ दिखावा किया और दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना और चरमपंथियों को भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियां जारी रखने दिया।

**2002 में भारत-पाकिस्तान युद्ध होने वाला था :** किरियाकू ने बताया कि 2002 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों के परिवारों को निकाल लिया गया था। हमें लगा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध में उतर सकते हैं। उन्होंने 2001 में संसद हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन पराक्रम का जिक्र किया। किरियाकू ने दावा किया कि अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने दिल्ली और इस्लामाबाद का दौरा कर दोनों देशों के बीच समझौता करवाया। 2008 मुंबई हमलों पर बात करते हुए किरियाकू ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि यह अल-कायदा है। मुझे हमेशा लगता रहा कि ये पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह थे। और ऐसा ही साबित हुआ। असली कहानी यह थी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा था और किसी ने कुछ नहीं किया।

**PAK परमाणु वैज्ञानिक को सऊदी ने बचाया :** पूर्व सीआईए अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर खान को अमेरिकी कार्रवाई से बचाने में सऊदी अरब का अहम रोल था। सऊदी ने अमेरिका को कहा कि खान को न छेड़ा जाए, जिससे अमेरिका ने अपने प्लान को छोड़ दिया। किरियाकू ने अमेरिकी विदेश नीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि अमेरिका लोकतंत्र का ढोंग करता है, लेकिन वास्तव में अपने स्वार्थ के अनुसार काम करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सऊदी और अमेरिका का रिश्ता पूरी तरह लेन-देन पर आधारित है, अमेरिका तेल खरीदता है और सऊदी हथियार। किरियाकू ने कहा कि वैश्विक ताकतों का संतुलन बदल रहा है और सऊदी अरब, चीन और भारत अपनी रणनीतिक भूमिका को नया आकार दे रहे हैं।

## यूक्रेन युद्ध का अंत नजदीक? जल्द हो सकता है रूस के साथ समझौता, पुतिन के करीबी ने दिए संकेत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** निवेश और आर्थिक सहयोग मामलों के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रियेव ने शुक्रवार को कहा कि रूस, अमेरिका और यूक्रेन अब युद्ध समाप्त करने के कूटनीतिक समाधान के काफी करीब हैं। अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए पहुंचने के बाद सीएनएन से बातचीत में दिमित्रियेव ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच प्रस्तावित बैठक रद्द नहीं हुई है, बल्कि उचित समय पर बाद में आयोजित की जाएगी।

**ट्रंप-पुतिन बैठक स्थगित :** इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप ने कहा था कि हंगरी में पुतिन के साथ उनकी बैठक रद्द की गई है, क्योंकि रूस तत्काल युद्धविराम पर सहमत नहीं हुआ और वार्ता में प्रगति की कमी दिखी। ट्रंप ने कहा था कि यह बैठक अभी उपयुक्त समय पर नहीं है। हालांकि, दिमित्रियेव ने शुक्रवार को दावा किया, मुझे लगता है कि रूस, अमेरिका और यूक्रेन वास्तव में कूटनीतिक समाधान के काफी करीब हैं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि संभावित समझौते में क्या प्रावधान होंगे।

**यूरोपीय देशों का नया युद्धविराम प्रस्ताव :** रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ मिलकर वर्तमान युद्धरेखाओं के आधार पर युद्धविराम प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। यह प्रस्ताव पहले से जारी वार्ताओं के बिंदुओं को ही आगे बढ़ाता है, जबकि अमेरिका को वार्ता में केंद्रीय भूमिका बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। दिमित्रियेव ने कहा, यह राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा कदम है कि अब उन्होंने मौजूदा युद्धरेखाओं पर बातचीत की बात स्वीकार की है। पहले वे कहते थे कि रूस को पूरी तरह पीछे हटना चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि अब हम कूटनीतिक समाधान के काफी करीब हैं।

**रूस का रुख :** रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर व्यापक पैमाने पर आक्रमण शुरू किया था। पिछले सप्ताह ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह और पुतिन जल्द ही हंगरी में मुलाकात कर युद्ध समाप्ति पर चर्चा करेंगे, लेकिन पुतिन की ओर से अब तक किसी रियायत के संकेत नहीं मिले हैं। रूस लगातार यह मांग करता रहा है।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से की अपील- युद्ध के बजाय शांति पर खर्च करें संसाधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में सुधार को लेकर लंबे समय से मांग चल रही है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से अपील की है कि विकास और शांति के लिए संसाधनों का उपयोग किया जाए। महासचिव गुटेरेस ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में यह अपील की। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हनोई से एक वीडियो लिंक के माध्यम से महासचिव ने अपने भाषण की शुरुआत की। यूएन महासचिव गुटेरेस ने इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि 1946 में, मतदान से पहले सुरक्षा परिषद की पहली मतपेटी निरीक्षण के लिए खोली गई थी। जब पेटी खुली तो सभी को आश्चर्य हुआ कि उसमें पहले से ही एक कागज का टुकड़ा था। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बताया कि यह संदेश उस मतपेटी के निर्माता, न्यूयॉर्क के एक स्थानीय मैकेनिक पॉल एंटोनियो का था। उन्होंने कहा था कि वह पूरी दुनिया में स्थायी शांति की कामना करते हैं। गुटेरेस ने कहा, यह संदेश हमें याद दिलाता है कि सुरक्षा परिषद क्यों अस्तित्व में है: यह उन लोगों के लिए है, जो ईमानदार हैं और जिन्होंने पिछले आठ दशकों से युद्ध के संकट से खुद को बचाने के लिए इस संस्था पर भरोसा रखा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने आगे कहा, इस मंच पर बैठने का सौभाग्य, सबसे बढ़कर, उन लोगों की आस्था का सम्मान करने का कर्तव्य है। और युद्ध पर अक्सर खर्च होने वाले संसाधनों को विकास और शांति के कार्यों में लगाना है। कई महत्वपूर्ण अवसरों पर, सुरक्षा परिषद ने यह काम पूरा किया है और पिछले आठ दशकों में महाशक्तियों के बीच युद्ध की अराजकता को रोका गया। गुटेरेस ने आगे कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अच्छे काम करने के लिए जरूरी और ताकतवर है,



लेकिन इसकी वैधता कमजोर है। हमने अक्सर संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को चार्टर के सिद्धांतों के विरुद्ध काम करते देखा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, जब ऐसा होता है, तो न केवल तत्काल कार्रवाई रुक जाती है, बल्कि इससे संयुक्त राष्ट्र की पूरी परियोजना में विश्वास भी कम होता है। यह हम सभी को बड़े खतरे में भी डाल देता है। जब एक देश नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश सोचते हैं कि उन्हें भी ऐसा करने की छूट है और इतिहास हमें स्पष्ट रूप से बताता है कि यह रास्ता किस ओर ले जाता है। गुटेरेस ने यह भी कहा कि वैश्विक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा परिषद में सुधार बहुत जरूरी है और लंबे समय से इसका इंतजार भी हो रहा है। सुरक्षा परिषद में सुधार के तहत सदस्यता का विस्तार भी होना है। सदस्यता के विस्तार को लेकर यूएन महासचिव ने कहा कि अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र के लगभग आधे शांति अभियानों के साथ-साथ कई विशेष राजनीतिक मिशन भी चलाए जाते हैं, फिर भी परिषद में अफ्रीका की कोई स्थायी आवाज नहीं है। उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद चेंबर के दरवाजे खोलने और प्रकाश को अंदर आने देने का समय आ गया है। उद्देश्यपूर्ण सुरक्षा परिषद के बिना, दुनिया गंभीर खतरे में है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम एक ऐसी संस्था का निर्माण करें जो अगले 80 वर्षों की चुनौतियों का सामना कर सके, एक ऐसी संस्था का निर्माण करें जो सभी के लिए न्याय और सुरक्षा प्रदान करे।

## यूक्रेनी राष्ट्रपति की मांग- रूस के तेल पर प्रतिबंध और बढ़ाए अमेरिका; लंबी दूरी की मिसाइलें भी मांगीं

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को अमेरिका से अपील की कि वह रूस की दो तेल कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंधों को बढ़ाकर पूरे रूसी तेल क्षेत्र के लिए लागू करे। उन्होंने साथ ही अमेरिका से लंबी दूरी की मिसाइलों की भी मांग की, ताकि यूक्रेन की तरफ से रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जा सके।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह बयान ब्रिटेन के लंदन में दिया। वे यहां यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन को आश्वासन दिया कि अगर रूस के साथ उसका संघर्ष विराम लागू हो जाता है तो यूरोपीय देश भविष्य में रूसी हमलों से यूक्रेन की रक्षा के लिए सैन्य सहायता मुहैया कराएंगे।

# 'हिटमैन' के संन्यास को लेकर बचपन के कोच ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी में खेले गए भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बल्ले से कमाल कर दिया। रोहित ने 125 गेंदों पर नाबाद 121 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 3 छक्के शामिल थे। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का 50वां शतक भी साबित हुआ। रोहित शर्मा ने इस मैच में विराट कोहली के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए नाबाद 168 रनों की साझेदारी की। इस शानदार पार्टनरशिप के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर मैच जीत लिया।

### रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन

38 साल की उम्र में 'हिटमैन' रोहित शर्मा पहले से ज्यादा फिट और रनों के भूखे नजर आए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की पूरी कोशिश के बावजूद रोहित ने अपनी टाइमिंग और शॉट सेलेक्शन से विपक्षी गेंदबाजों को परेशानी में डाल दिया। रोहित ने इस सीरीज में कुल 202 रन बनाए, औसत 101 के साथ, जो किसी अन्य खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा थी। इस प्रदर्शन के चलते उन्हें 'Player of the Series' चुना गया।

### रोहित शर्मा की रिटायरमेंट को लेकर बचपन के कोच ने तोड़ी चुप्पी

रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने मैच के बाद बताया कि रोहित ने अपनी भविष्य की योजना पहले ही तय कर ली है। लाड ने कहा, 'आज रोहित की बल्लेबाजी और टीम को जीत दिलाने का अंदाज देखकर बहुत अच्छा लगा। उसने पहले ही तय कर लिया है कि वह 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेलेगा और उसके बाद रिटायरमेंट लेगा।' रोहित का सपना भारत के लिए वनडे वर्ल्ड कप जीतना है। वर्ल्ड कप 2011 में रोहित भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे, जबकि वर्ल्ड कप 2023 में उनकी कप्तानी में भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल हार गया था।

### दिनेश लाड ने विराट की भी की तारीफ

विराट कोहली ने भी इस मैच में जबरदस्त बल्लेबाजी की। लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद कोहली ने इस मैच में नाबाद 74 रन बनाए। दिनेश लाड ने कहा, 'विराट किसी भी परिस्थिति में सफल हो सकते हैं। जिस तरह वह खेले, देखकर




बहुत अच्छा लगा।' लाड ने यह भी याद दिलाया कि सचिन तेंदुलकर ने भविष्यवाणी की थी कि रोहित शर्मा और विराट कोहली मास्टर ब्लास्टर के रिकॉर्ड्स को तोड़ेंगे। इस मैच और रोहित-कोहली के करियर को देखकर अब यह भविष्यवाणी सच होती नजर आ रही है।

# एशिया जूनियर बैडमिंटन में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, शायना और दीक्षा ने जीता गोल्ड



**चेंगदू (चीन) (एजेंसी)।** भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। रविवार को भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में शायना मणिमुथु ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में दीक्षा सुधाकर ने अपनी हमवतन लक्ष्या राजेश को 21-16, 21-9 से मात दी।

दीक्षा इस उपलब्धि के साथ जूनियर एशियन चैंपियनशिप के इतिहास में अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले 2013 में भारत ने दो गोल्ड जीते थे – जब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 बॉयज़ सिंगल्स और चिराग शेट्टी-एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अंडर-17 बॉयज़ डबल्स में जीत दर्ज की थी।

शायना ने जहां मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा, वहीं दीक्षा ने 27 मिनट में ऑल-इंडियन फाइनल अपने नाम किया। इससे पहले शनिवार को जगशेर सिंह खंगुरा ने बॉयज़ सिंगल्स में और जंगजीत सिंह काजला-जनानिका रमेश की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किए।

### भारत के पदक विजेता

दीक्षा सुधाकर -अंडर17 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड

शायना मणिमुथु -अंडर15 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड

लक्ष्या राजेश -अंडर17 गर्ल्स सिंगल्स सिल्वर

जगशेर सिंह खंगुरा -अंडर17 बॉयज़ सिंगल्स ब्रॉन्ज

जंगजीत सिंह काजला और जनानिका रमेश -अंडर17 मिक्स्ड डबल्स ब्रॉन्ज।

# शुभमन गिल ने दिया बड़ा संकेत, इस बॉलिंग ऑलराउंडर की 2027 वर्ल्ड कप में होगी जरूरत




**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की 9 विकेट से शानदार जीत के बाद कप्तान शुभमन गिल ने गेंदबाज हर्षित राणा की जमकर तारीफ की। गिल ने इशारों में संकेत दिया कि आने वाले 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत को राणा जैसे बॉलिंग ऑलराउंडर की जरूरत होगी।

गिल ने कहा कि अगर हर्षित लगातार 20-25 रन का योगदान बल्ले से भी दे सकते हैं, तो वह टीम के लिए नंबर 8 स्थान पर बेहतरीन विकल्प साबित हो सकते हैं।

गिल ने मैच के बाद कहा, 'हमें भरोसा है कि हर्षित ये कर सकते हैं, और यह पोजिशन टीम के लिए बहुत अहम है।'


हर्षित राणा ने तीसरे वनडे में 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों की कमर तोड़ दी थी। वहीं दूसरी ओर, गिल ने माना कि दक्षिण अफ्रीका जैसी तेज पिचों पर ऊंचे और 140+ की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाजों की अहमियत और बढ़ जाती है। 'ऐसे तेज गेंदबाज बहुत कम हैं जो ऊंचे भी हैं और लगातार स्पीड से गेंदबाजी कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर ऐसे गेंदबाज बेहद जरूरी हैं,' गिल ने कहा।

भारत की जीत में हर्षित के अलावा स्पिनरों की भूमिका की भी गिल ने सराहना की, जिन्होंने शुरुआती ओवरों में दबाव बनाया, जिसका फायदा राणा ने उठाया। रोहित शर्मा (121*) और विराट कोहली (74) ने शानदार बल्लेबाजी कर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया।

# हां मैंने आलोचना की थी, लेकिन हार्षित राणा का प्रदर्शन शानदार रहा: क्रिस श्रीकांत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज हार्षित राणा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे ODI में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों को चुप करा दिया। 23 साल के राणा ने अपनी ODI करियर की बेस्ट 4/39 गेंदबाज़ी के साथ भारत को 9 विकेट की जीत दिलाई और पूर्व चयनकर्ता व 1983 विश्व कप विजेता सदस्य क्रिस श्रीकांत भी फैन बन गए।

कुछ हफ्ते पहले श्रीकांत ने राणा को गौतम गंभीर का 'Yes Man' कहकर आलोचना की थी। हालांकि अब उन्होंने कहा: 'हार्षित राणा ने शानदार गेंदबाज़ी की। चार विकेट लेना एक बड़ी उपलब्धि है। मेरा पसंदीदा विकेट ओवेन का था। उसने बेहतरीन लाइन और लेंथ में गेंदबाज़ी की। पिछले मैच में उसे मार गिराया गया था,



लेकिन इस मैच में उसने डैथ ओवर में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। आज हार्षित को सारी तारीफ मिलनी चाहिए।' राणा ने एडेलेड में भी 18 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर अपनी बल्लेबाज़ी क्षमता दिखाई थी। कप्तान शुभमन गिल ने भी उनकी तारीफ की और कहा कि राणा 2027 ODI वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका की बाउंसी पिचों पर तीसरे तेज़ गेंदबाज़ और No.8 पर बल्लेबाज़ के रूप में टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं। पूर्व कप्तान और वर्तमान कोच गौतम गंभीर ने भी राणा के बचपन के आलोचकों को लताड़ लगाई और कहा कि किसी 23 वर्षीय खिलाड़ी पर व्यक्तिगत हमला करना गलत है। 'उसका प्रदर्शन ही मापदंड होना चाहिए। किसी को सोशल मीडिया पर निशाना बनाना उसके मनोबल पर असर डालता है। राणा ने अपनी मेहनत और काबिलियत से टीम में जगह बनाई है और आगे भी बनाए रखेगा।' गौर है कि तीसरे वनडे में भारत की ओर से रोहित शर्मा (121) और विराट कोहली (74) की बेहतरीन पारियों की बदौलत टीम ने 237 रन का लक्ष्य 69 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया।

# रोहित एकदिवसीय में 100 कैच लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के क्लब में शामिल



सिडनी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गये तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में शतकीय पारी खेलने के साथ ही एकदिवसीय में 100 कैच लेने का भी रिकार्ड बनाया है। रोहित ने तीसरे एकदिवसीय में दो कैच पकड़कर अपने 100 कैच पूरे किये। रोहित ने नाथन एलिस का कैच लेकर अपने करियर का 100वां कैच लपका। इसी के साथ ही एकदिवसीय क्रिकेट में 100 कैच लेने वाले वह सातवें भारतीय खिलाड़ी बन गए। रोहित ने ये उपलब्धि अपने 276वें मैच में हासिल की। रोहित से पहले विराट कोहली ने 305 मैच में 164 कैच, मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 334 मैच में 156 कैच, सचिन तेंदुलकर ने 456 मैच में 140 कैच, राहुल द्रविड़ ने 344 मैच में 124 कैच, सुरेश रैना ने 226 मैच में 102 कैच, और सौरव गांगुली ने 311 मैच में 100 कैच लिए थे। रोहित ने तीसरे एकदिवसीयम में अपनी अपनी 121 रनों की पारी में 3 छक्के और 13 चौके लगाये थे। इस प्रकार रोहित ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनों प्रारुपों को मिलाकर 50 शतक लगाया। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के तीसरे और अब तक के 10वें बल्लेबाज हैं। रोहित की शतकीय पारी की सहायता से भारतीय टीम ने 237 के लक्ष्य को 38.3 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी।


# मेसी का भारत दौरा टला

कोच्चि। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अगले माह होने वाला भारत दौरा टल गया है। दौरे के प्रायोजक ने कहा कि कुछ कारणों से ये दौरा टाल दिया गया है। वहीं इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। वहीं ऑगस्टीन ने अब सोशल मीडिया में घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा। साथ ही कहा कि दौरे की नई तारीखों की जानकारी बाद में दी जाएगी।



गौरतलब है कि विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) की अनुमति मिलने में देरी के कारण ही अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ बातचीत के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित किये जाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा और नई तारीख की घोषणा शीघ्र होगी। इससे पहले एएफए के प्रतिनिधियों ने सुविधाओं का जायजा लेने के लिए कोच्चि स्थित जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का दौरा किया थ। वहीं केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहमान के कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें मैच स्थगित किए जाने के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी और उसके बाद ही कार्यक्रम में बदलाव की घोषणा होगी।

# हर्षित को गंभीर ने दी थी चेतावनी, प्रदर्शन करो या बहार होने के लिए तैयार रहो



सिडनी। भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम में शामिल किये जाने के बाद से ही निशाने पर थे। पहले दो मैच में खराब गेंदबाजों के बाद उनके आलोचक और मुखर हो गये थे और उनका कहना था कि हर्षित अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाज नहीं है पर अंतिम एकदिवसीय में इस युवा ने चार विकेट लेकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। हर्षित ने 8.4 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए। इस युवा ने गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी की। दूसरे एकदिवसीय में भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसके बाद भी कई लोगों का मानना है कि उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिए। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि हर्षित के अच्छे प्रदर्शन के पीछे कोच गौतम गंभीर की उन्हें दी गयह चेतावनी थी। गंभीर ने उनसे प्रदर्शन करने या बाहर बैठने के लिए तैयार रहने को कहा था।

हर्षित के बचपन के कोच श्रवण कुमार ने बताया कि उसके एकदिवसीय टीम में चयन पर सवाल उठाए गए थे। सिडनी मैच में हर्षित को अर्शदीप सिंह के ऊपर चुना गया, जिससे कई लोग हैरान रह गए। इसी दौरान गंभीर ने उसने प्रदर्शन करने या बाहर होने के लिए तैयार रहने कहा था।

श्रवण ने कहा, 卐उसने मुझे फोन किया और बताया कि वह अपने प्रदर्शन से बाहरी लोगों की बातों और आलोचनाओं को शांत करना चाहता है। तब मैंने बस कहा, 'खुद पर विश्वास रखो.' मुझे पता है कि कुछ क्रिकेटर कहते हैं कि वह गंभीर के करीब है इसलिए टीम में है पर ये सही नहीं है. लेकिन गंभीर को प्रतिभा की पहचान करना आता है। इसलिए. वह उनका समर्थन करते हैं उन्होंने पहले भी कई क्रिकेटरों का समर्थन किया है

# बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से हुई छेड़छाड़ के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की

### –पुलिस ने जांच तेज की

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटरों से हुई छेड़छाड़ के मामले की कड़ी आलोचना की है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस घटना की जितनी निंदा की जाये वह कम है। वहीं इस घटना पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड (सीए) ने भी चिंता जताई और भारतीय अधिकारियों से खिलाड़ियों की सुरक्षा पक्की करने की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। वह इस मामले में गिरफ्तार आरोपी अकील खान से पूछताछ कर रही है। यह घटना उस समय हुई, जब खिलाड़ी होटल से निकलकर एक कैफे जा रही थीं।




इस घटना से ऑस्ट्रेलियाई टीम की सुरक्षा में लापरवाही की पोल जरुर खुल गयी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अब सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और आगे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। पुलिस ने इस घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी है। फुटेज में साफ तौर पर दिख रहा है कि कैसे आरोपी ने खिलाड़ियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस ने हालांकि इस मामले में आरोपी को तत्कल पकड़ लिया था।

यह इलाका व्यस्त रहता है, फिर भी अपराधी ने जिस प्रकार घटना को अंजाम दिया उससे साफ है कि अपराधियों के हौंसले कितने बुलंद हैं। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बताया कि सर्विस रोड पर अक्सर भीड़ रहती है पर सुरक्षा के लिए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए थे। अतिरिक्त सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर मामले की तह तक जाने की कोशिश की जा रही है। इस बीच, स्थानीय प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही है, जिसमें अतिरिक्त पुलिस गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाना शामिल है। यह घटना से केवल सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर भारत की छवि को भी झटका लगा है।

# क्लच शतरंज चैंपियंस में गुकेश के सामने बड़ी चुनौती



सेंट लुई। विश्व चैंपियन डी. गुकेश को 412,000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियंस में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को जीत दिलाने के बाद अमेरिका पहुंचे गुकेश को खिताब जीतने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ खेल तकनीक दिखानी होगी। इस प्रतियोगिता में विश्व रैंकिंग के टॉप तीन खिलाड़ियों – मैग्नस कार्लसन, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना – का भी जोरदार मुकाबला होगा। हाल ही में पिता बने कार्लसन ने अपना ब्रेक खत्म किया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। क्लच शतरंज का यह टूर्नामेंट 18 गेम तक चलेगा और एक पखवाड़े में संपन्न होगा। विजेता को 120,000 अमेरिकी डॉलर, दूसरे स्थान पर 90,000 अमेरिकी डॉलर, तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमश: 70,000 और 60,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। इसके अलावा, प्रत्येक राउंड में जीत पर अतिरिक्त 72,000 डॉलर की राशि भी पुरस्कार के रूप में मिलेगी।

# टीम प्रबंधन को उम्मीद प्रतीका सेमीफ़ाइनल में भी करेगी अच्छा प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2025 में अब भारत की असली परीक्षा शुरू होने जा रही है। सेमीफ़ाइनल में टीम इंडिया का सामना होगा उस ऑस्ट्रेलियाई टीम से, जिसने वर्षों से महिला विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाए रखा है। ग्रुप मैच में जब दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था, तब स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने शानदार शुरुआत दी थी, लेकिन टीम उस लय को अंत तक कायम नहीं रख सकी थी। इस बार दांव पहले से कहीं अधिक बड़ा है, क्योंकि जीत भारत को फाइनल में पहुंचा सकती है और हार से पूरा अभियान थम सकता है।

भारतीय बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना इस वर्ल्ड कप की सबसे निरंतर और प्रभावशाली खिलाड़ी रही हैं। उनके साथ प्रतीका रावल का प्रदर्शन भी अब पूरे टूर्नामेंट की चर्चा का विषय बन गया है। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि दबाव के क्षणों में वह टीम की रीढ़ बन सकती हैं। अब सभी निगाहें उन पर होंगी, क्योंकि यही वह मैच है जो खिलाड़ियों को नायक से दंतकथा में बदल देता है और महिला क्रिकेट के इतिहास में नए अध्याय लिखता है।

टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि प्रतीका एक बार फिर अपनी दमदार पारी से विपक्ष को चौंकाएंगी। नॉकआउट मैचों में परिस्थितियाँ पलभर में बदल सकती हैं जैसा कि 2017 के डर्बी सेमीफ़ाइनल में हरमनप्रीत कौर ने अपने ऐतिहासिक शतक से दिखाया था। अगर इस बार स्मृति और प्रतीका मिलकर वही करिश्मा दोहराती हैं, तो भारत न सिर्फ फाइनल में जगह बना सकता है बल्कि ऑस्ट्रेलिया के लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को भी तोड़ सकता है।

इस मैच में भारत को धैर्य, संयम और आत्मविश्वास से खेलना होगा। टीम को खुद पर उतना ही विश्वास रखना होगा जितना प्रतीका ने मुश्किल वक्त में अपने खेल पर रखा था। अगर




इस बार भी उन्होंने बल्ले से वही जवाब दिया जो न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ दिया था, तो ऑस्ट्रेलिया को भारत के सामने झुकना पड़ सकता है और प्रतीका रावल का नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो जाएगा।

# शास्त्री ने एकदिवसीय क्रिकेट के पांच भारतीय दिग्गजों की सूची में विराट को शीर्ष पर रखा

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट के पांच दिग्गज क्रिकेटरों का चयन किया है। हैरानी की बात ये है कि शास्त्री ने इसमें विराट कोहली का नाम सचिन तेंदुलकर से पहले लिया है। शास्त्री का कहना है कि विराट ने एकदिवसीय में सचिन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, इसी लिए उन्हें पहले रखा है। साथ ही कहा कि विराट इस प्रारुप में दुनिया में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं, हालांकि वह अब भी एकदिवसीय में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा रनों के रिकॉर्ड से काफी पीछे हैं। शास्त्री ने इस सूची में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा और कपिल देव को भी रखा है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस सूची में शामिल नहीं किये जाने को लेकर कहा कि अभी उनके पास खेलने के लिए समय है। उन्होंने इस सूची में पूर्व खिलाड़ियों के साथ ही उन खिलाड़ियों को शामिल किया है जो करियर के अंत की ओर हैं। शास्त्री ने विराट को शीर्ष पर रखने क लि एक दशक से भी ज़्यादा समय से उनके शानदार प्रदर्शन और मैच विजेता होने का कारण बताया है। शास्त्री ने तीन विश्व कप विजेता खिलाड़ियों – धोनी, तेंदुलकर और कपिल को भी अपनी इस सूची में रखा है। शास्त्री ने कहा, मैं कोहली, तेंदुलकर, कपिल, धोनी और रोहित को चुनूंगा। साथ ही कहा कि अगर आप क्रिकेट इतिहास को देखें तो कई और अच्छे खिलाड़ी रहे हैं पर मेरे लिए ये खिलाड़ी सबसे अलग रहे हैं। इसलिए उन्हें जगह दी है। इस सूची में केवल दो ही सक्रिय खिलाड़ी विराट और रोहित है हालांकि ये भी अपने अंतिम दौर में हैं1



# रोहित और कोहली होंगे 2027 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के बड़े हथियार: भारतीय पूर्व चयनकर्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने दिग्गज बल्लेबाज़ रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम इंडिया के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप में अहम भूमिका निभाने की पुष्टि की है। प्रसाद ने कहा कि यह अनुभवी जोड़ी टीम के लिए बड़े संपत्ति साबित होगी।

तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, रोहित और विराट ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया और भारत को 9 विकेट से जीत दिलाकर सीरीज में वाइटवॉश से बचाया। रोहित ने 121* रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और ODI में अपना 33वां शतक जड़ा। विराट कोहली ने पिछली दो पारियों में लगातार डक के बाद वापसी करते हुए 74 रन* बनाए और कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों के ODI में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

प्रसाद ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं। पिछले दो मैचों में उनके प्रदर्शन का इंतजार था। यह वर्ल्ड कप की तैयारी में बहुत अहम है। विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी टीम के लिए बड़े संसाधन हैं।'

उन्होंने कहा कि दोनों बल्लेबाज़ों के पिछले रिकॉर्ड और फिटनेस को देखते हुए उन्हें केवल वर्तमान फॉर्म से आंका नहीं जा सकता। प्रसाद ने यह भी सराहा कि रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा ने सही समय पर अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी संभालने का मौका दिया।

'टीम में इतनी प्रतिभा है कि श्रेस्अयर इयेर जैसी खिलाड़ी भी टी20 टीम में जगह नहीं पा रहे हैं। यह दर्शाता है कि टीम के पास बहुत गहराई है और युवा खिलाड़ी अब मजबूती से अपनी पहचान बना रहे हैं।'

प्रसाद ने टी20 फॉर्मेट में टीम की मजबूती और प्रतिभा के पूल की भी तारीफ की, यह बताते हुए कि भारत के पास आने वाले समय के लिए मजबूत टीम है।



## भारत 2025-26 में सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

**नई दिल्ली** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत 2025-26 में 6.6 फीसदी की वृद्धि दर से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सबसे आगे रहेगा। आईएमएफ ने यह अनुमान भारत की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की मजबूत आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए लगाया है, जिसने अमेरिका द्वारा लगाए गए नए आयात शुल्क का असर संतुलित किया। 2026 में वृद्धि दर थोड़ी कम होकर 6.2 फीसदी रहने की संभावना है। 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रही थी, और सरकार ने 2025-26 के लिए 6.3-6.8 फीसदी का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ ने कहा कि 2025 में वैश्विक वृद्धि दर 3.2 फीसदी और 2026 में 3.1 फीसदी रहने का अनुमान है, जो पिछले पूर्वानुमानों से थोड़ी कम है। मुद्रास्फीति में गिरावट की उम्मीद है, लेकिन अमेरिका में यह अभी भी लक्ष्य से ऊपर रह सकती है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की औसत वृद्धि 1.6 फीसदी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की 4.2 फीसदी रहने की संभावना है।

## ओडिशा सरकार ने 1.46 लाख करोड़ के 33 निवेश प्रस्तावों को दी मंजूरी

**भुवनेश्वर** ओडिशा में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) और मुख्य सचिव मनोज आहूजा की अध्यक्षता में एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसएलडब्ल्यूसीए) की बैठक में 33 निवेश प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। एचएलसीए ने 12 प्रस्तावों के लिए 1,41,993.54 करोड़ रुपये का निवेश मंजूर किया, जिससे लगभग 49,745 रोजगार सृजित होंगे। एसएलडब्ल्यूसीए ने 4,019.53 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी, जिससे 16,590 रोजगार की संभावना है। सुंदरगढ़ जिले में 84,000 करोड़ रुपये की अदाणी परियोजना से 36,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री मांझी ने कहा कि यह निवेश ओडिशा की प्रगतिशील नीतियों, तेज़ प्रशासन और निवेश के लिए तैयार माहौल का प्रतीक है।

## 1 नवंबर से जीएसटी पंजीकरण होगा सरल, तीन दिन में मिलेगी मंजूरी

**नई दिल्ली** केंद्र सरकार ने 1 नवंबर से सरलीकृत जीएसटी पंजीकरण प्रणाली लागू करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि नई प्रक्रिया के तहत नए आवेदकों को तीन कार्य दिवसों में पंजीकरण मंजूर कर दिया जाएगा। यह सुधार जीएसटी 2.0 के तहत लाया गया है और इसका उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाना तथा मानव हस्तक्षेप को कम करना है। नई प्रणाली में पंजीकरण दो प्रकार से स्वचालित होगा। पहला, वे आवेदक जिन्हें सिस्टम द्वारा जोखिम और डेटा विश्लेषण के आधार पर चुना गया है। दूसरा, वे जिन्होंने स्वयं आकलन किया कि उनकी मासिक आउटपुट कर देयता 2.5 लाख रुपए से अधिक नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि लगभग 96 प्रतिशत नए आवेदक सीधे इस सरलीकृत प्रक्रिया का लाभ उठा सकेंगे। सीतारमण ने कहा कि अब सरकार का ध्यान नीति निर्माण से क्रियान्वयन की ओर बढ़ रहा है। कर अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे करदाताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें और कर चोरी के मामलों में सख्ती बनाए रखें। उन्होंने जोर दिया कि सिस्टम को विवेक से नहीं, बल्कि व्यवस्थित रूप से काम करना चाहिए।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में गिरावट

**नई दिल्ली** बीते सप्ताह सरसों के अे धिक दामों के कारण लिवाली प्रभावित रही। इसके चलते सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सरसों का पर्याप्त स्टॉक किसानों, स्टॉकिस्ट और सरकार के पास मौजूद है। सरसों दाना 7,000-7,050 रुपये/क्विंटल और सरसों दादरी तेल 14,650 रुपये प्रे ति क्विंटल पर बंद हुआ। सोयाबीन तिलहन का नया एमएसपी 5,328 रुपए प्रे ति क्विंटल है, जबकि हाजिर बाजार 4,000-4,200 रुपए प्रे ति क्विंटल पर। कमजोर बिकवाली के चलते सोयाबीन तिलहन में मामूली सुधार हुआ, लेकिन दाम अभी भी एमएसपी से 20-22 फीसदी नीचे हैं। सोयाबीन तेल में आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर बिकवाली के कारण गिरावट दर्ज हुई। मूंगफली तेल-तिलहन स्थिर रहे। इंडोनेशिया की आयात मांग देखी जा रही है। वहीं मलेशिया में संभावित सट्टेबाजी खत्म होने से पाम-पामोलीन तेल में गिरावट हुई। कपास की आवक बढ़ने से बिनौला तेल के दाम में 200 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। सरकार को एमएसपी और तेल संयंत्रों की पेराई क्षमता पर ध्यान देना होगा।

# भारत से यात्री वाहन निर्यात में 18 फीसदी की बढ़त, मारुति सुजुकी सबसे आगे

### वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 4.45 लाख से अधिक वाहन विदेश भेजे गए

**नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत से यात्री वाहनों का निर्यात 18.4 प्रतिशत बढ़कर 4,45,884 इकाई हो गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,76,679 इकाई था। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने बताया कि इस वृद्धि के पीछे वैश्विक बाजारों में स्थिर मांग और नए देशों में निर्यात विस्तार की बड़ी भूमिका रही है। मारुति सुजुकी इंडिया इस अवधि में 2,05,763 इकाइयों के निर्यात के साथ शीर्ष स्थान पर रही। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,47,063 इकाइयों की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

हुंडई मोटर इंडिया ने 99,540 इकाइयाँ भेजीं, जो 17 प्रतिशत अधिक है, जबकि निसान मोटर इंडिया का निर्यात 33,059 से बढ़कर 37,605 इकाई हो गया। इसके बाद फॉक्सवैगन इंडिया (28,011), टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (18,880), किआ इंडिया (13,666) और होंडा कार्स इंडिया (13,243) का स्थान रहा। वाहन श्रेणियों की बात करें तो, यात्री कारों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 2,29,281 इकाई तक पहुंचा, जबकि यूटिलिटी वाहनों की विदेशी मांग में तेजी से इजाफा हुआ और उनका निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 2,11,373 इकाई हो गया। वहीं वैन का निर्यात 36.5 प्रतिशत बढ़कर 5,230 इकाई दर्ज किया गया। सियाम ने कहा कि भारत ने इस अवधि में 24 देशों को निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

## अमेरिका ने रोका रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों को, भारत पर फिलहाल असर सीमित

**नई दिल्ली** अमेरिका ने रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों रोजनेफट और ल्यूकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, रूस का कच्चा तेल खुद सैंक्शंस में शामिल नहीं है। इसका मतलब है कि यदि तेल बेचने वाली कंपनी पर प्रतिबंध नहीं है, तो भारतीय रिफाइनर बिना कानून तोड़े रूस से तेल खरीद सकते हैं। विशेषज्ञों और रिफाइनरी अधिकारियों का मानना है कि इस कदम से भारत-रूस के 69 बिलियन डॉलर के तेल व्यापार पर फिलहाल बड़ा असर नहीं पड़ेगा। दिसंबर डिलीवरी पहले ही तय हो चुकी है, और साल 2025 में भारत को रूस से लगभग 70 फीसदी तेल रोजनेफट` और ल्युकोइल से मिला। हालांकि, विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि जनवरी के बाद सप्लाई प्रभावित हो सकती है। जनवरी 2025 में गैज़प्रोम नेफ्ट और सुरगुतनेफ़्तेगा पर सैंक्शंस लगाए गए थे, जिससे लगभग 1 मिलियन बैरल प्रति दिन उत्पादन प्रभावित हुआ। बावजूद इसके सुरगुतनेफ़्तेगा ने भारत को 1.59 लाख बैरल प्रति दिन सप्लाई की, जो रूस से आने वाले कुल तेल का 9 फीसदी है।

## एलआईसी ने अडानी निवेश पर लग रहे आरोपों का किया खंडन



**नई दिल्ली** भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उसके अडानी समूह में निवेश स्वतंत्र और बोर्ड-स्वीकृत नीतियों के तहत किए गए हैं। एलआईसी ने यह भी कहा कि इन निवेश निर्णयों में वित्त मंत्रालय या किसी सरकारी संस्था की कोई भूमिका नहीं है। कंपनी ने जोर देकर कहा कि निवेश केवल विस्तृत जांच-पड़ताल और वित्तीय आधार पर किए जाते हैं। एलआईसी ने बताया कि मई 2025 में उसने अडानी पोर्ट एंड सेज में 570 मिलियन डॉलर का निवेश किया, जिसे भारत की एएए क्रेडिट रेटिंग प्राप्त है। एलआईसी का अडानी समूह में कुल निवेश उसके कुल कर्ज का 2 फीसदी से कम है। कंपनी ने विदेशी मीडिया की रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि यह निवेश पूरी तरह सुरक्षित और व्यावसायिक दृष्टिकोण पर आधारित है। एलआईसी भारत का सबसे बड़ा संस्थागत निवेशक है, जिसके पास 41 ट्रिलियन रुपये (500 बिलियन डॉलर) से अधिक की संपत्ति है। यह 351 सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करता है और सरकारी बांड एवं कॉर्पोरेट ऋण में भी भारी निवेश करता है। एलआईसी के प्रमुख निवेशों में` रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और अडाणी समूह शामिल हैं। एलआईसी के अनुसार, भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में उसका निवेश 2014 से दस गुना बढ़कर 1.56 लाख रोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कंपनी ने कहा कि उसके निवेश निर्णय हितधारकों के सर्वोत्तम हित में और नियमानुसार लिए जाते हैं।

# शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे कंपनी नतीजे और वैश्विक आर्थिक फैसले

### निवेशक सबसे पहले कोटक महिंद्रा बैंक के नतीजों पर नजर रखेंगे




**मुंबई**

विशेषज्ञों ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजों का सीजन भारतीय शेयर बाजार की दिशा तय करेगा। निवेशक सबसे पहले कोटक महिंद्रा बैंक के नतीजों पर नजर रखेंगे। इसके बाद आईओसी, टीवीएस मोटर कंपनी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, आईटीसी, सिप्ला, डाबर, मारुति और एसीसी के आंकड़े निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। बाजार के विश्लेषकों के अनुसार निवेशक कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर बाजार की प्रतिक्रिया तय करेंगे। 28 अक्टूबर को भारत के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े जारी होंगे। वहीं 29 अक्टूबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर निर्णय वैश्विक तरलता और जोखिम धारणा पर असर डाल सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शोध प्रमुख ने कहा कि निवेशक अमेरिका के जीडीपी, यूरोपीय केंद्रीय बैंक और जापान के बैंक ऑफ जापान के नीतिगत फैसलों के साथ-साथ चीन के विनिर्माण पीएमआई पर भी नजर रखेंगे। घरेलू मोर्चे पर, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता में प्रगति निवेशकों के लिए प्रमुख ध्यान का केंद्र रहेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत जल्दबाजी में कोई समझौता नहीं करेगा। इसके अलावा, अमेरिका-चीन के राष्ट्रपति की बैठक से व्यापार तनाव में कमी आ सकती है, जिसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ेगा। छुट्टियों के कारण कम कारोबार वाले पिछले सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 259.69 अंक या 0.30 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 85.3 अंक या 0.33 प्रतिशत के लाभ में रहा। यह हल्की तेजी बाजार में निवेशकों की सतर्क लेकिन सकारात्मक भावना को दर्शाती है।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से सात का मार्केट कैप 1.55 लाख करोड़ बढ़ा

▸▸ शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

**मुंबई**

छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,55,710.74 करोड़ रुपये बढ़ गया।

घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को लाभ हुआ। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,687.03 करोड़ रुपये बढ़कर 19,64,170.74 करोड़ रुपये हो गया।

टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 36,126.6 करोड़ रुपये बढ़कर 11,08,021.21 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 34,938.51 करोड़ रुपये बढ़कर 6,33,712.38 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 13,892.07 करोड़ रुपये बढ़कर 8,34,817.05 करोड़ रुपये रहा।

बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 11,947.17 करोड़ रुपये बढ़कर 6,77,846.36 करोड़ रुपये हो गई, जबकि भारती एयरटेल का मूल्यांकन 9,779.11 करोड़ रुपये बढ़कर 11,57,014.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी ने सप्ताह के दौरान 2,340.25 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 5,62,513.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और एलआईसी का स्थान रहा।

## रिलायंस और मेटा ने भारत में नई एआई जॉइंट वेंचर की घोषणा की




**नई दिल्ली** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने मेटा प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक) के साथ मिलकर रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड नाम से एक नई एआई कंपनी बनाने की घोषणा की है। इस कंपनी का उद्देश्य भारत में बड़े व्यवसायों के लिए उन्नत एंटरप्राइज एआई सेवाओं और टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रदान करना है। नई पहल से डिजिटल टेक्नोलॉजी और एआई क्षेत्र में रिलायंस की पकड़ को और मजबूत करने की उम्मीद है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रिलायंस इंटेलिजेंस आरईआईएल में 70 फीसदी हिस्सेदारी रखेगी, जबकि मेटा (फेसबुक) का हिस्सेदारी 30 फीसदी होगी। दोनों कंपनियां मिलकर लगभग 855 करोड़ रुपए का प्रारंभिक निवेश करेंगी। शुरुआत में रिलायंस ने आरईआईएल को 2 करोड़ रुपए की पूंजी के साथ अपनी पूरी सब्सिडियरी के रूप में शामिल किया है। बाद में समझौते के अनुसार, यह पूरी तरह से जॉइंट वेंचर बन जाएगा। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में स्पष्ट किया है कि यह सौदा किसी प्रकार के संबंधित पार्टी ट्रांजैक्शन में नहीं आता और कंपनी के प्रमोटर या समूह का इसमें कोई व्यक्तिगत हित नहीं है।

# रुस पर प्रतिबंध....पश्चिम एशिया और अमेरिका से कच्चे तेल खरीद सकती हैं भारतीय रिफाइनरी

**मुंबई**

दो रूसी तेल उत्पादक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाने के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियां रूस से कच्चे तेल आयात में होने वाली कमी की भरपाई के लिए पश्चिम एशिया, लातिन अमेरिका और अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद बढ़ सकती हैं। अमेरिकी सरकार ने 22 अक्टूबर को रूस के दो सबसे बड़े कच्चे तेल उत्पादकों रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल पर प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ सभी अमेरिकी संस्थाओं और व्यक्तियों को इन कंपनियों के साथ व्यापार करने से रोका गया है। प्रतिबंधित रूसी तेल कंपनियों या उनकी अनुषंगी इकाइयों के साथ लेनदेन करते मिलने पर गैर-अमेरिकी फर्मों को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा है कि रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से जुड़े सभी मौजूदा लेनदेन 21 नवंबर तक समाप्त होने चाहिए। इस समय भारत के कच्चे तेल आयात में करीब एक तिहाई हिस्सा रूस का है। रूस ने भारत को वर्ष 2025 में औसतन करीब 17 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का निर्यात किया। इसमें से करीब 12 लाख बैरल प्रतिदिन तेल सीधे रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से आया। इसमें से ज्यादातर तेल निजी रिफाइनरी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी ने खरीदा था। सरकारी रिफाइनरी कंपनियों की इसमें कम हिस्सेदारी ही रही है। केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग और मॉडलिंग) सुमित रितोलिया ने कहा कि 21 नवंबर तक रूसी कच्चे तेल की आवक 16-18 लाख बैरल प्रतिदिन के दायरे में रहने की उम्मीद है, लेकिन उसके बाद रॉसनेफ्ट और ल्यूकऑयल से सीधे आयात में गिरावट आएगी है।

जाहिर है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों के किसी भी जोखिम से बचना चाहेंगी। सूत्रों ने बताया कि रॉसनेफ्ट के साथ पांच लाख बैरल प्रतिदिन तक कच्चा तेल खरीदने का 25 साल का अनुबंध करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज उससे तेल आयात रोकने वाली पहली कंपनी हो सकती है। यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के कारण अन्य जगहों से आपूर्ति कम होने के बाद, नायरा एनर्जी के पास बहुत कम विकल्प हैं। कंपनी वर्तमान में पूरी तरह से रूसी तेल पर निर्भर है। रितोलिया ने कहा, फिर भी, रिफाइनरी तीसरे पक्ष के मध्यस्थों के जरिये रूसी ग्रेड का तेल लेना जारी रखेंगी।

## सब-4 मीटर एसयूवी का अगला संस्करण 2026 हुंडई वेन्यू पेश




**नई दिल्ली**

अपनी लोकप्रिय सब-4 मीटर एसयूवी का हुंडई मोटर इंडिया ने अगला संस्करण 2026 हुंडई वेन्यू पेश कर दिया है। हुंडई मोटर नई वेन्यू 4 नवंबर 2025 को लॉन्च के लिए तैयार है। यह मॉडल हुंडई के नए डिजाइन दर्शन पर आधारित है और भारत में इसका ग्लोबल डेब्यू होगा। लॉन्च के बाद इसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी एक्सपोर्ट किया जाएगा। टीजर में एसयूवी का डिजाइन पहले से अधिक बोल्ड और दमदार नजर आता है। फ्रंट प्रोफाइल में आयताकार ग्रिल, सी-आकार के एलईडी डीआरएलएस, वर्टिकली स्टैक्ड हेडलैंप और पूरी चौड़ाई में फैली एलईडी लाइट बार दिखाई गई है। बम्पर पर बुल-बार स्टाइल डिजाइन एसयूवी को मजबूत अपील देता है। साइड प्रोफाइल में फ्लैट डोर पैनल, नए सी-पिलर और चंकी व्हील आर्च का इस्तेमाल किया गया है। पीछे की ओर कनेक्टेड एलईडी टेललैंप और आकर्षक टेलगेट इसके प्रीमियम लुक को बढ़ाते हैं। इंटीरियर में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इसमें नई क्रेटा और अल्काजार की तरह दो 12.3-इंच की कर्व्ड स्क्रीन दी जाएगी। इसके अलावा टच-बेस्ड क्लाइमेट कंट्रोल, फ्लैट-बॉटम स्टीयरिंग व्हील, 8-स्पीकर बोस साउंड सिस्टम, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वेंटिलेटेड सीटें और पैनोरमिक सनरूफ जैसे फीचर्स मिलेंगे। सुरक्षा के लिहाज से 2026 वेन्यू में लेवल-2 अडास सिस्टम दिया जाएगा, जिसमें अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, ब्लाइंड स्पॉट वार्निंग और 360 डिग्री कैमरा जैसे एडवांस फीचर्स होंगे। मैकेनिकल रूप से एसयूवी में 1.2-लीटर पेट्रोल, 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.5-लीटर डीजल इंजन विकल्प जारी रहेंगे। उम्मीद है कि डीजल इंजन के साथ अब 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स भी मिलेगा।

# डीमार्ट ने लेंसकार्ट में 90 करोड़ का निवेश किया






▸▸ आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट का आईपीओ 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खुला रहेगा

**नई दिल्ली**

देश के दिग्गज निवेशक और एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट) के संस्थापक राधाकिशन दमानी ने आईवियर कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस में लगभग 90 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह निवेश लेंसकार्ट के आगामी आईपीओ से ठीक पहले किया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार दमानी की पत्नी श्रीकांता आर. दमानी ने 23 अक्टूबर 2025 को कंपनी की सह-संस्थापक नेहा बंसल से 22,38,806 इक्विटी शेयर 402 प्रति शेयर की दर से खरीदे, जिससे कुल सौदे की कीमत 90 करोड़ रही।

यह हिस्सेदारी कंपनी में लगभग 0.13 प्रतिशत है। लेंसकार्ट का आईपीओ 31 अक्टूबर से खुलकर 4 नवंबर 2025 को बंद होगा।

इस इश्यू में 2,150 करोड़ के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 12.75 करोड़ इक्विटी शेयर प्रमोटर्स और निवेशकों द्वारा ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे। इसमें 75 फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स, 15 फीसदी नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों और 10 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित रहेगा। इसके अलावा 15 करोड़ के शेयर कर्मचारियों के लिए रिजर्व किए गए हैं।

कंपनी इस फंड का उपयोग नए स्टोर खोलने, टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमताओं को मजबूत करने, ब्रांड मार्केटिंग और संभावित अधिग्रहणों में करेगी।

वित्त वर्ष 2025 में लेंसकार्ट ने 297.3 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष उसे 10.2 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी का राजस्व 23 फीसदी बढ़कर 6,652.5 करोड़ तक पहुंचा और ग्रॉस मार्जिन भी 69 फीसदी तक सुधरा।

# यूरो एनसीएपी करेगी सुरक्षा मानदंडों को और कड़ा




**नई दिल्ली**

दुनिया भर में कारों की सुरक्षा का स्तर जानने के लिए अलग-अलग देशों के लिए एनसीएपी सेफ्टी रेटिंग लागू है भारत में बीएनकैप, यूरोप में यूरो एनसीएपी और ग्लोबल लेवल पर जीएनसीएपी। यूरोप में लगभग 90 प्रतिशत ग्राहक कार खरीदने से पहले यूरो एनसीएपी रेटिंग जरूर देखते हैं। हालांकि, यूरो एनकैप ने 2026 के बाद से सुरक्षा मानदंडों को और कड़ा कर दिया है। नए 2026 सेफ्टी असेसमेंट प्रोटोकॉल में रियल वर्ल्ड ड्राइविंग के परिदृश्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मजबूत अडास सिस्टम को अनिवार्य किया गया है। सबसे खास बदलाव यह है कि कारों में हॉर्न, टर्न सिग्नल, हैजर्ड लाइट, विंडशील्ड वाइपर और इमरजेंसी एसओएस जैसे कार्यों के लिए फिजिकल बटन या डायल रखना जरूरी होगा। इसका मकसद ड्राइवर का ध्यान सड़क से हटने न पाए। स्टडीज बताती हैं कि सड़क से केवल 2 सेकंड के लिए नजरें हटने से टक्कर हो सकती है। टचस्क्रीन पर नियंत्रण करने में 5 से 40 सेकंड तक ध्यान भटक सकता है। 2020 के बाद यूरोपीय संघ में ध्यान भटकने से होने वाली दुर्घटनाओं में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसलिए यूरो एनसीएपी ड्राइवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फिजिकल बटनों को अनिवार्य कर रहा है। यह बदलाव कार निर्माताओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अधिकांश नई कारों में क्लीन और मिनिमलिस्ट इंटीरियर्स अपनाए गए हैं, जहां अधिकांश नियंत्रण टचस्क्रीन पर ट्रांसफर कर दिए गए हैं। फिजिकल बटनों को वापस लाने के लिए हार्डवेयर को फिर से डिजाइन करना और सप्लाई श्रृंखला में बदलाव करना पड़ेगा, जिससे लागत बढ़ सकती है और नए मॉडलों की लॉन्चिंग में देरी आ सकती है।



# ध्रुव विक्रम को स्टार किड होने का मिला फायदा

अभिनेता ध्रुव विक्रम हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म बाइसन के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म 17 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 24 अक्तूबर को रिलीज होने वाले तेलुगु संस्करण के प्रचार के सिलसिले में, वे हैदराबाद में थे। अभिनेता विक्रम के बेटे ध्रुव ने स्टार किड होने के बारे में खुलकर बात की और इस किरदार को निभाने के लिए की गई मेहनत के बारे में बताया।

## स्टार होने की वजह से मिले कई मौके

ध्रुव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि एक स्टार किड होने के नाते उन्हें कई मौके मिले हैं। वह इन मौकों का पूरा फायदा उठाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह सच है कि मैं एक स्टार किड हूं और मुझे मौके मिलते रहते हैं। हालांकि मैं लोगों को स्वीकार करने, मुझे प्यार करने, मेरे काम को पसंद करने के लिए मेहनत करता हूं। मैं तमिल, तेलुगु और भारतीय सिनेमा में अपनी जगह बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं। इसके लिए मैं काम करता रहूंगा।
फिल्म बाइसन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, बाइसन के बारे में, मैं हमेशा सोचता था कि अगर मेरी जगह कोई ऐसा व्यक्ति होता जो फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आता, तो वह कितना कुछ करता? वह कितना काम करता? मैं इस बारे में और इस फिल्म के लिए मेहनत करता और तैयारी करता। मैंने इस फिल्म को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की।

## फिल्म के बारे में

फिल्म बाइसन का लेखन और निर्देशन मारी ने किया है। फिल्म में ध्रुव और अनुपमा के अलावा पशुपति, अमीर, लाल, राजिशा विजयन और अजगम पेरुमल ने अभिनय किया है। यह कबड्डी खिलाड़ी मनाथी गणेशन के जीवन पर आधारित है और एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो जाति-आधारित भेदभाव को मात देते हुए खेल में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं।




# सिंगल मदर होना आसान नहीं

अभिनेत्री शुभांगी अत्रे टीवी सीरियल 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर घर-घर में प्रसिद्ध हुईं। सोशल मीडिया पर भी उनकी फैन फॉलोइंग तगड़ी है।वह एक सिंगल मदर हैं और बेटी की परवरिश अकेले कर रही हैं। आईएएनएस को दिए विशेष इंटरव्यू में उन्होंने वर्क-लाइफ बैलेंस के बारे में बात की। इसमें उन्होंने बताया कि बतौर सिंगल मदर वह कैसे काम और घर की जिम्मेदारियां संभालती हैं।
शुभांगी अत्रे ने कहा, यह बिल्कुल भी आसान नहीं है। मुझे सब कुछ खुद ही संभालना पड़ता है, चाहे वह घर हो या मेरी बेटी। कई दिन ऐसे भी आते हैं, जब यह बहुत अधिक बोझिल लगता है, लेकिन मैं एक समय में एक ही काम करने की कोशिश करती हूं। मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि सेट पर या घर पर, जहां भी रहूं, उस पल में पूरी तरह से मौजूद रहूं।
उन्होंने कहा, प्रतिस्पर्धा हर जगह है, लेकिन मैं तुलना करने के बजाय खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करती हूं। अवसर हमेशा आते रहेंगे, लेकिन आपको उन्हें पकड़ने के लिए तैयार रहना होगा। मैंने सीखा है कि आपको हमेशा सही अवसर नहीं मिलते, आप उन्हें अपनी कड़ी मेहनत और सही नजरिए से बनाते हैं। अगर आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित और केंद्रित रहें, तो वह अंततः आपके पास आ ही जाएगा।
क्या करियर में भाग्य की भूमिका भी होती है? इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, भाग्य आपके लिए एक दरवाजा खोल सकता है, लेकिन आपकी कड़ी मेहनत ही आपको उस कमरे में रखती है। मैंने कई लोगों को एक बार भाग्यशाली होते देखा है, लेकिन केवल वे ही आगे बढ़ते हैं, जो ईमानदार और निरंतर प्रयास करते रहते हैं। शुभांगी अत्रे ने कहा, अब मेरी महत्वाकांक्षा ऐसी भूमिकाएं निभाने की है जो मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दें। मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा अपने काम के प्रति मेरे प्रेम और अपनी बेटी के लिए एक उदाहरण पेश करने की मेरी इच्छा से मिलती है। दृढ़ संकल्प के साथ आप सब कुछ संभाल सकते हैं और साथ ही अपने सपनों को भी पूरा कर सकते हैं।



# चार्मर ने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में मदद की


बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ के गाने चार्मर को लेकर अपना एक खास अनुभव शेयर किया, जो उन्हें बेहद पसंद भी आया। इस गाने ने उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने में मदद की। सान्या ने इंस्टाग्राम पर चार्मर गाने का एक रिहर्सल वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सफेद ड्रेस में शानदार डांस मूव्स करती नजर आईं। इसके साथ सान्या ने कैप्शन में लिखा, मैंने इससे पहले कभी हील्स में डांस नहीं किया और अब मैं रुकना नहीं चाहती। मुझे दिलजीत दोसांझ के चार्मर गाने पर डांस करने का मौका मिला। मेरी टीम और डायरेक्टर का शुक्रिया। जान्हवी कपूर और राखी सावंत ने इस पोस्ट पर फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। सोफी चौधरी ने लिखा, वो सब तो ठीक है... लेकिन मुझे कभी इतना स्वैग वाला फैन लड़का क्यों नहीं मिला? आप लोगों के मूव्स बहुत पसंद हैं... हमेशा।
चार्मर गाना दिलजीत के एल्बम ऑरा का हिस्सा है, जिसे 20 अक्तूबर को रिलीज किया गया। इस गाने का संगीत अवी सरा ने दिया और बोल राज रंजोध ने लिखे।




वीडियो में सान्या एक खूबसूरत जगह पर जोशीले अंदाज में डांस करती दिख रही हैं। वीडियो को शारिक सेक्वेरा ने डायरेक्ट किया, श्लोक आहूजा ने शूट किया और यश कदम ने कोरियोग्राफी की। इसके पहले, दिलजीत के एल्बम से कुफर गाना रिलीज हुआ था, जिसमें मानुषी छिल्लर नजर आई थीं।

# ब्रिटिश शासन पर आधारित पीरियड ड्रामा होगी प्रभास की अगली फिल्म

प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म द राजा साब को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। माना जा रहा है कि इसका टाइटल फौजी होगा। हालांकि नए पोस्टर में प्रभास का पूरा लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें ग्रेट ब्रिटेन का झंडा देखा जा सकता है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है 1932 से मोस्ट वांटेड। ऐसे में माना जा रहा है कि यह फिल्म ब्रिटिश शासन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा होगी। इसमें प्रभास संभवतः एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभा सकते हैं।
इससे पहले एक पोस्टर जारी किया गया था जिसमें बंदूकों का ढेर लगा था। इसके ऊपर एक शख्स की परछाई थी। इसमें दिवाली की शुभकानाएं भी दी गई थीं। इससे पहले साझा किए गए पोस्टर में शिलालेख थे, जिससे संकेत मिलता है कि फिल्म में पौराणिक विषयों का समावेश होगा। खबरों के मुताबिक टाइटल की आधिकारिक घोषणा प्रभास के जन्मदिन पर होगी। खबर है कि मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म में इमानवी मुख्य भूमिका में होंगी। इसमें मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर और जया प्रदा जैसे कलाकार भी होंगे। संगीत विशाल चंद्रशेखर का है। फिल्म को अगस्त 2026 में रिलीज करने की योजना है।
इस बीच, प्रभास की जनवरी 2026 में एक बड़ी फिल्म रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन मारुति ने किया है। यह हॉरर-कॉमेडी द राजा साब है, जिसमें निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और संजय दत्त भी हैं।




# कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 के रिलीज डेट का एलान

**मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 को लेकर बड़ी अपडेट आ गई है। यह फिल्म बहुत जल्द दर्शकों के बीच आने वाली है। निर्माताओं ने इसके रिलीज डेट का एलान कर दिया है। आइए जानते हैं सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी फिल्म।**

कपिल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। यह क्लिप फिल्म के पोस्टर की एक स्लाइड थी जिसमें सभी कलाकार नजर आ रहे हैं। रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए, कॉमेडियन-अभिनेता ने लिखा, दोगुने कन्फ्यूजन और चार गुना मस्ती के लिए तैयार हो जाइए। किस किसको प्यार करूं 2, हंसी का धमाल सिर्फ सिनेमाघरों में 12 दिसंबर 2025 को शुरू होगा।
रिलीज डेट के सामने आते ही नेटिजंस काफी खुश हो गए हैं। एक यूजर ने लिखा, फिल्म से ज्यादा हनी सिंह के गाने का इंतजार है। वहीं दूसरे यूजर ने कहा, फिल्म बहुत शानदार होने वाली है। एक और यूजर ने कहा, केंडी यो यो हनी सिंह। इसके अलावा अन्य यूजर्स कपिल शर्मा के कॉमेडी अंदाज को देखने का इंतजार कर रहे हैं।

## 'किस किसको प्यार करूं 2' के बारे में

किस किसको प्यार करूं 2 का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी कर रहे हैं। इसके निर्माता रतन जैन और गणेश जैन हैं। फिल्म में कॉमेडी, भ्रम और तमाशा का ड्रामा देखने को मिलेगा। फिल्म के पहले पार्ट को भी दर्शकों का काफी प्यार मिला था। इस फिल्म का निर्माण अब्बास-मस्तान द्वारा वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन के सहयोग से किया जा रहा है। कपिल शर्मा की यह फिल्म 12 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# जीतू अगर मुझसे एक्टिंग सीखता, तो जरूर खराब करता

**जब एक फिल्म में दमदार कहानी, मजबूत किरदार और सामाजिक सरोकार आपस में जुड़ते हैं, तो कलाकारों को भी उससे जुड़ने का एक गहरा कारण मिल जाता है। फिल्म भागवत चैप्टर 1 -राक्षस मानव तस्करी जैसे गंभीर विषय को हल्के-फुल्के कॉमर्शियल अंदाज में पेश करती है, उसी पर एक्टर अरशद वारसी ने खुलकर बातचीत की है। फिल्म में जहां अरशद एक इन्टेंस लेकिन दिलचस्प पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं जीतेंद्र एक बिल्कुल अलग अवतार में दर्शकों को चौंकाने वाले हैं।**

**एक एक्टर के तौर पर आप इस फिल्म से कैसे जुड़े? ऐसा क्या था जो आपको इस प्रोजेक्ट की तरफ खींच लाया?**

मैंने सबसे पहले हमारे डायरेक्टर अक्षय शेरे से स्क्रिप्ट सुनी। कहानी मुझे काफी मजेदार और इंटेंस लगी। स्क्रीनप्ले और कॉन्सेप्ट बहुत मजबूत था। जिस तरह से कहानी बुनी गई थी, उसमें दिलचस्पी जागी। काफी वक्त बाद मुझे एक ऐसा रोल मिला जिसमें मैं ऑफिसर की वर्दी पहन रहा हूं। इससे पहले मैंने 'सहर' फिल्म में एसएसपी अजय कुमार का रोल निभाया था। मेरा बस चले तो ऐसी ही एक वर्दी घर में बनवाकर रख लूं और पहनकर काम पर जाऊं। यह रोल लाइट कॉमेडी और कॉमर्शियल स्पेस में है लेकिन साथ ही थोड़ा इंटेंस भी है।

**अरशद, आपके किरदार के अंदर एक आंतरिक संघर्ष चलता है जो फिल्म में नजर आता है। क्या इसके लिए आपने कोई खास तैयारी की?**

सच कहूं तो मैंने इसके लिए कोई अलग रिसर्च या खास तैयारी नहीं की। मैं क्यों झूठ बोलूं कि मैं तीन महीने वनवास में चला गया था। जब मैंने कहानी सुनी, तो बस 24 घंटे उस किरदार के बारे में सोचता रहा। फिर फिल्म के राइटर और डायरेक्टर के साथ बातचीत होती रही कि वो मुझसे क्या चाहते हैं और मैं उस किरदार को कैसे जस्टिफाई करूं। उनसे इनपुट मिलते थे, जिसकी मदद से मैं अपने दिमाग में उस आदमी की एक छवि बना लेता था कि वो ऐसा होगा।

**फिल्म मानव तस्करी पर आधारित है, क्या शूट से पहले आपने इसके लिए कोई रिसर्च की?**

मेरा मानना है कि फिल्म किसी भी विषय पर हो, एक कलाकार को फिल्म के नजदीक रहना चाहिए। जो कहानी राइटर ने लिखी है, वही आपकी जानकारी होनी चाहिए। वरना आप फिल्म की सोच से भटक सकते हैं। साथ ही, हमारे राइटर और डायरेक्टर पहले से ही विषय पर गहरी रिसर्च कर चुके थे, तो मुझे अलग से रिसर्च की जरूरत नहीं पड़ी।

**क्या आपको लगता है कि फिल्म दर्शकों के दिलों में अपनी छाप छोड़ पाएगी? जब लोग फिल्म देखें तो उन्हें क्या महसूस होना चाहिए?**

हर फिल्म किसी न किसी जज्बात को छूती है। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म में भी कुछ ऐसी बातें होंगी जो दर्शकों के दिल तक पहुंचेगी। जो हालात हमने फिल्म में दिखाए हैं, वो उनके जेहन में रहें। लोग समझें कि हमने क्या दिखाने की कोशिश की है। और सबसे बड़ी बात, उन्हें यह महसूस हो कि उनका समय बेकार नहीं गया।

**आप नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से आते हैं। साथ में काम करते वक्त क्या आपने अपनी जर्नी के संघर्षों में कुछ समानता देखी?**

मुझे तो लगता है कि हम दोनों ही बहुत रेगुलर लोग हैं, लेकिन बहुत टैलेंटेड हैं। जीतेंद्र बहुत अच्छा एक्टर है। अगर ऐसा नहीं होता तो फिल्म का सारा भार मुझ पर आ जाता और इसकी एक्टिंग भी मुझे ही करनी पड़ती। अगर कभी इसने मुझसे एक्टिंग सीख ली होती, तो शायद और भी खराब परफॉर्म करता।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in